(२) धर्मका मूल सम्यग्दर्शन है । सम्यग्दर्शन नही हो तो ज्ञान कितना भी हो, शास्त्राभ्यास कितना भी हो, वाक्चातुर्य कितना भी हो, चारित्र कितना भी हो, मोक्षार्थ सर्व विफल है ।

(३) जिस प्रकार पाया विनाका प्रासाद (महल) टिकता नही, मूल (जड) विनाका वृक्ष नवपल्लवित होता नही, उसी प्रकार सम्यग्दर्शन विना धर्म धर्मरूप परिणमन होता नही, मोक्षका कारण बनता नही ।

(४) सम्यग्दर्शन रूप धर्म जिनमे प्रकट हुआ है वे धर्ममूर्ति ज्ञानी पुरुष कर्मोका क्षय कर परमात्मा होते है । वे ही अन्यो को धर्म प्रकटवानेमे प्रबल अवलम्बनरूप हैं ।

(५) "तत्वार्थश्रद्धान सम्यग्दर्शन" जीव, अजीव आदि सात तत्वोमे, स्व चैतन्य स्वरूप आत्मतत्वका साक्षात्कार (पूर्ण बोध) सम्यग्दर्शन है।

(६) समकित, सम्यक्त्व, आत्मदर्शन, आत्मअनुभवआदि सम्यग्दर्शन के पर्यायवाची अथवा एकार्थवाची अनेको शब्द है।

(७) सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिके लिए छ द्रव्य, पाच अस्तिकाय, सात तत्व, नव पदार्थ आदिका अध्ययन और ग्यारह प्रतिमाओका अगीकार। क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, सयम, तप, त्याग, आकिंचन और ब्रम्हचर्य, इन दश लक्षण व्रतो का पालन तथा सम्यग्दर्शनके आठो अगोका भी व्रत वत पालन। दर्शनविशुद्धि आदि सोलह कारण भावनाओके अनुरूप व्रत वत आचरण तथा अनुप्रेक्षाओ का निरतर अभ्यास।

ब(१) पूजा, भक्ति, व्रत आदि करना पुण्य है तथा मोह और क्षोभ रहित आत्मा के परिणाम धर्म है।

(२) पूजा, भक्ति वदना, वैयावृत्य, व्रतपालन आदि शुभ क्रियाओसे शुभ परिणाम होते है, इससे पुण्य प्राप्त होता है, इसका फल स्वर्गादि भोगकी प्राप्ति होती है।

(३) मोह याने परद्रव्य, शरीरादिकमे अपनत्व समझना यह मिथ्यात्व या दर्शनमोह है, इससे राग द्वेपरूप कपाय परिणाम वे चारित्रमोह है।

(४) वास्ते, आत्मामे क्षोभ, अस्थिरता, आत्माके ज्ञानदर्शनरूप स्वभावमे अस्थिरता वह टले और आत्मरमणतामय स्वभावमे निमग्नता होवे तब वह धर्म है। वहा कर्मवध नही होते परतु अवध दशा है। इस धर्मसे आश्रव रुकते है और सवर होता है। पूर्व कर्मोकी निर्जरा होती है और सपूर्ण निर्जरा पर मोक्ष होता है।

(५) इसलिये मोक्षार्थियोको, केवल शुभ परिणामोसे धर्म होता है, ऐसा नही समझना, इतनेसे ही सतोपित नही रहना। परतु आत्मदर्शन, ज्ञान, चारित्ररूप, स्वभावदशामय जो आत्मधर्म है, उसकी प्राप्ति के लिए पुरुषार्थ करना योग्य है।

(६) जो जीव पुण्यको धर्म समझ, श्रद्धा करते है, रुचि करते है, प्रतीति करते है तथा आचरते है, उनको पुण्य स्वर्गादिक भोगकी प्राप्ति करानेका निमित्त है परतु सर्व कर्म के क्षय रूप मोक्षका कारण होता नही ।

(७) रागादि समस्त दोषोको तजकर आत्मा, आत्मामे ही रत रहे, वही ससारसे पार होनेके लिए प्रवल कारणरूप धर्म है ।

(८) जो आत्माको इष्ट न करे, उसकी (आत्माकी) रुचि, इच्छा, भावना न करे उसकी (आत्माकी) प्राप्तिके ध्येयसे शुद्ध भावकी प्राप्तिके लिए पुरुषार्थ न करे, लेकिन वाकी पुण्य सव ही करे तो सिद्धि याने मोक्ष कदापि पाये नही ।

(९) आत्मिक धर्म धारे विना सर्व प्रकारकी क्रियाएं जप, तप, शास्त्राभ्यास, यम, नियम सयम आदि पुण्यके आचरण करे तो वे ससारमे भी भ्रमते रहेंगे, मोक्ष पायेंगे नही । पुण्य से कदाचित स्वर्गादिक भोग मिले किन्तु आसक्ता के कारण और सयमके अभावमे कदाचित एकेन्द्रियादि पर्यायमे आना पडे और फिर अनत भव और पर्यायोमे भ्रमा करे ।

(१०) इस लिए मन, वचन और कायसे सर्व प्रकारसे उद्यम करके आत्माको उस सहजात्मस्वरूपको जानकर दृढ श्रद्धा प्रतीति रुचि धारण कर उसीमे स्थिरता कर तल्लीन हो कि जिससे मोक्ष पाकर कृतार्थ होवें ।

३ ग्यारह प्रतिमा

सयमाचरण चारित्र दो प्रकारके हैं । सागार और निरागार । सागार श्रावक का और निरागार मुनिका । सयम, साधनार्थ, श्रावक के लिए ग्यारह माप दड है, जिन्हे प्रतिमा कहते हैं ।

(१) पहली "दर्शन" प्रतिमा

शुद्ध सम्यग्दर्शन सहित आठ मूल गुणो को धारण करना ।

(२) दूसरी "व्रत" प्रतिमा .

अतिचार रहित ५ अणुव्रत, ३ गुणव्रत और ४ शिक्षाव्रत पालना ।

(३) तीसरी "सामायिक" प्रतिमा

तीनों काल विधिपूर्वक अतिचार रहित सामायिक करना ।

(४) चौथी "प्रोषध" प्रतिमा

अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वों के दिन कषाय [illegible] अनशनादि करना

(५) पाचवीं "सचित त्याग" प्रतिमा

कच्चे फल, फूल, वनस्पति आदि खानेका त्याग करना

(६) छठी "रात्रि भोजन त्याग" प्रतिमा

रात्रिमें सर्व प्रकारके आहार का त्याग करना ।

(७) सातवीं "ब्रह्मचर्य" प्रतिमा

मन, वचन, कायसे स्त्रीमात्र का त्याग करना ।

(८) आठवीं "आरंभ त्याग" प्रतिमा

खेती, व्यापार आदि आरंभ क्रियाओं का त्याग करना ।

(९) नवमी "परिग्रह त्याग" प्रतिमा

धन, धान्यादि परिग्रहसे विरक्त होना ।

(१०) दसवीं "अनुमति त्याग" प्रतिमा

लौकिक कार्यों में अनुमति [illegible]

(११) ग्यारहवीं "उद्दिष्ट भोजन त्याग" प्रतिमा

भिक्षावृत्ति से आहार [illegible]

४ दशलक्षण धर्म :

इसकी निवृति के लिए (१) क्षमा (२) मार्दव (३) आर्जव (४) शौच आदि दशलक्षण रूप धर्मका निरूपण है ।

(ब)

१.	उत्तम क्षमा	कोप, क्रोध आदि से रहित ।	क्षमा ।
२.	उत्तम मार्दव	मान आदि से रहित ।	मार्दव ।
३	उत्तम आर्जव	माया, कपट कुटिलता आदि से रहित ।	आर्जव ।
४	उत्तम शौच	लोभ आदि से रहित ।	शौच ।
५	उत्तम सत्य	असत्य से रहित ।	सत्य ।
६.	उत्तम सयम	स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु और श्रोत्र इन पाच इद्रियो की क्रियाओ को सीमित रखना ।	सयम ।
७	उत्तम तप	कामेन्द्रियो का दमन ।	तप ।
८	उत्तम त्याग	चार प्रकार का दान ।	त्याग ।
९.	उत्तम आकिंचन	किंचित मात्रका परिग्रह का नही होना।	आकिंचन ।
१०	उत्तम ब्रह्मचर्य	स्त्री मात्र से किसी भी प्रकारका ममत्वका नही होना ।	ब्रह्मचर्य ।

५ **रत्नत्रय** .

सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यकचारित्र ये तीनो मिलकर मोक्ष के मार्ग है । जीव, अजीव, आश्रव, बध, सवर, निर्जरा और मोक्ष इन सातो तत्वो को भलीभाति जानना सम्यग्दर्शन है ।

मति, श्रुत, अवधि, मन पर्यय और केवल ये पाच ज्ञान हैं ।

सामायिक, छेदोपस्थापना, परिहार विशुद्धि, सूक्ष्मसापराय और यथाख्यात ये चारित्र के पाच भेद है ।

(१) सम्यग्दर्शन के आठ अग है ।

(१) नि शकित,
(२) नि काक्षित,
(३) निर्विचिकित्सक,
(४) अमूढदृष्टि,
(५) उपगूहन,
(६) सुस्थितिकरण,
(७) वात्सल्य, और
(८) प्रभावना ।

(२) सम्यग्ज्ञान के आठ अग है ।

(१) व्यजनाचार सम्पन्न,
(२) अर्थाचार सम्पन्न,
(३) उभयाचार सम्पन्न,
(४) कालाचार सम्पन्न,
(५) उपधानाचार सम्पन्न,
(६) विनयाचार सम्पन्न,
(७) अनिह्नवाचार सम्पन्न, और
(८) बहुमानाचार सम्पन्न ।

(३) सम्यक्चारित्र के तेरह भेद है ।

(१) अहिंसा महाव्रत,
(२) सत्य महाव्रत,
(३) अचौर्य महाव्रत,
(४) ब्रह्मचर्य महाव्रत,
(५) अपरिग्रह महाव्रत,

(६) मनो गुप्ति,
(७) वचन गुप्ति,
(८) काय गुप्ति,
(९) ईर्या समिति,
(१०) भाषा समिति,
(११) एषणा समिति,
(१२) आदान निक्षेपण समिति,
(१३) व्युत्सर्ग समिति,

(४) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यकचारित्र उपरोक्त २९ अगों द्वारा भलीभांति समझने जैसे होते हैं और इनका आचरण निश्चित रूपसे मोक्षका मार्ग है।

(५) जो जानता है, वह ज्ञान है। आत्मा जानती है, वास्ते आत्मा ही ज्ञान है। जो देखता है, वह दर्शन है। आत्मा देखती है, वास्ते आत्मा ही दर्शन है। जो पुण्य पाप को तजता है, जिसकी प्रवृत्ति न पुण्य प्राप्त करनेकी है और न पाप प्राप्त करने की है, वह चारित्र है। आत्मा ही पुण्य पाप को परिहरती है वास्ते आत्मा ही चारित्र है। इस प्रकार अभेदनय से आत्मा और रत्नत्रय का वर्णन है।

(६) जीवादि तत्वों की यथार्थ श्रद्धा तत्वरुचि यह सम्यक्त्व है। तत्वोंका यथार्थ ज्ञान यह सम्यग्ज्ञान है। हिंसादि पाप क्रियाओंका त्याग करना, वह सम्यक्चारित्र है।

(७) आत्मा स्वयं सिद्ध है, कर्म मल रहित, शुद्ध है। सर्व पदार्थको जानने वाली, देखनेवाली और सर्वज्ञ सर्वदर्शी है। यह आत्मा ही केवलज्ञान है अथवा केवल ज्ञान ही आत्मा है। इस प्रकार अभेदनयसे गुण और गुणी का वर्णन है।

(८) दर्शन, ज्ञान और चारित्र ये तीनों आत्माकी ही पर्याय है, अन्य कोई जुदी वस्तुए नहीं है। आत्मा ही ज्ञाता और दृष्टा है।

दर्शनविशुद्धि याने सम्यग्दर्शन की निर्मलता । आठ अग सहित सम्यग्दर्शन, "दर्शनविशुद्धि" का कारण है ।

(ब) **सम्यग्दर्शन के आठ अग :**

(१) नि शकित अग .

(अ) जिन प्रतिपादित तत्वोमे का का नही होना ।

(ब) स्व आत्मामे नि शक और निर्भयतासे रहना ।

(२) नि काक्षित अग

(अ) कोई भी कार की वाछा का नही होना ।

(ब) अतीन्द्रिय आनदमे मग्न रहना ।

(३) निर्विचिकित्सक अग :

(अ) शरीर जड है, किन्तु मोक्ष साधक है । यदि स्वय को अथवा अन्यको रोगादिसे उत्पन्न शरीरमे असुचि हो जाय तो ग्लानि भावका नही होना ।

(ब) आत्मस्वरूपकी मग्नतामे साम्यभावका अवलबन करना ।

(४) अमूढ़दृष्टि अग ·

(अ) पर पदार्थोमे, मोह का नही रखना ।

(ब) आत्मबोध मे रत रहना ।

(५) उपगूहन अग

(अ) परके द्वारा की हुई निन्दा अथवा स्तुति पर साम्यभाव रखना ।

(ब) आत्मिक स्वभावकी स्थिरतामे लीन रहना परभावको ग्रहण नही

करना ।

(६) स्थितिकरण अग

(अ) धर्म मार्गसे डिगते हुए अपनेको या अन्यको पुन उसी मार्ग पर लगा रखना ।

(ब) आत्मा मे आत्मा द्वारा स्थिर रहना ।

(७) वात्सल्य अग

(अ) सहधर्मियो के प्रति कपट रहित यथायोग्य आदर सत्कार करना ।

(ब) आत्मानदमे भ्रमर के समान आसक्त रहना ।

(८) भावना ग

(अ) धर्मकी महिमाका यथावत गुणगान करना ।

(ब) आत्मिक भावके विकासमे तत्पर रहना ।

(२) विनय सम्पन्न भावना .

(अ) दर्शन विनय, ज्ञान विनय, चारित्र विनय, तप विनय और उपचार विनय ये पाच विनय है।

(ब) मन, वचन और कर्मकी शुद्धिपूर्वक दर्शन, ज्ञान, चारित्र और तप का आदरण विनय सम्पन्नता है ।

(३) शीलव्रतेष्वनतिचार भावना ।

(अ) अहिंसा आदि पाच व्रत और इन व्रतों के पालन के लिए क्रोधादि कषायका निग्रह, तथा अतिचार रहित शीलमे [illegible] की निर्दोषप्रवृत्ति शीलव्रतोकी भावना है ।

(ब) अतिचार रहित शीलका पालन करना शीलव्रत है ।

(४) **अभीक्षण ज्ञानोपयोग भावना ।**

(अ) मनुष्यभव सफल करनेके लिए निरतर ज्ञान अभ्यास करे। शास्त्रो को पढें, चितन करे। विशेष ज्ञानी गुरुजनो द्वारा ज्ञान ग्रहण करे। ज्ञान के अभिलाषियो को उपदेश दे। सब द्रव्योमे एकमेक रहते हु आत्मा का भिन्न अनुभव ही ज्ञा ोपयोग है। ज्ञानके अभ्याससे ही विषयो की वाछा नष्ट होती हैं, कपायोका अभाव होता है, मन स्थिर रहत है धर्म और शुक्लध्यान मे स्थिरता आती है। अज्ञानी ीव घोर तप ारा अनेको भवोमें जितने कर्म नष्ट न ी करते उतने या उनसे भी ज्यादा कर्म ज्ञानी जीव अतर्मुहूर्तमे नष्ट करते हैं। ज्ञा द्वारा ही मोक्षकी प्राप्ति होती है और यही अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोग है ।

(ब) समय समय पर पाठ, स्तवन और ध्यान करने, शास्त्र का मनन करने, गुरुका विनय करने और उपदेश देनेका नाम ज्ञानोपयोगता है ।

(५) **संवेग भावना ।**

(अ) ससार देह और भोगो के प्रति विरक्तपना, उदासीनता और राग विहीनता धर्म और धर्म के फल प्रति अनुरागता ये सवेग भाव है।

(ब) पुत्र, मित्र, स्त्री और सासारिक विषयोसे विरक्तिका होना ये सवेग भावना के कारण हैं ।

(६) **शक्ति प्रमाण त्याग भावना : दान संस्थिति ।**

(अ) शरीरादि पर पदार्थमे, आतमबुद्धि ये मिथ्यात्व परिग्रह। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुसकवेदरूप परिणाम ये वेद परिग्रह। हास्य, रति, अरति,

शोक, भय, जुगुप्सा राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ ये अनरग परिग्रह और धन, धान्य, क्षेत्र, सुवर्ण, आदि इन (मूर्च्छा) के बाह्य परिग्रहों को शक्ति अनुसार त्याग की स्थिति, त्याग धर्म है।

(ब) जघन्य, मध्यम और उत्कृष्ट पात्रो को शक्ति के अनुसार चार प्रकारका दान देना, दान सस्थिति है।

(७) शक्ति के अनुसार तप भावना . तपसस्थिति।

(अ) स्व शक्तिको छुपाये बिना, जिन मार्गके अनुसार, ऐसा तप करे कि स्वर्ग लोककी तिलोत्तमा या रभा हावभाव, विलास, विभ्रम आदि द्वारा विचलित न कर सके। अतरग और वाह्य परिगह की इच्छा का अभाव और इन्द्रियो के विषयो मे प्रवर्तन न हो, वह तप है। इच्छा के निरोध का नाम तप है। छ वाह्य और छ अतरग, ऐसे वारह प्रकार के तप है। निरतर आत्म उज्वलता की भावना, तपका कारण है।

(ब) मोक्ष की इच्छा से शक्ति और भक्ति के अनुसार १२ प्रकार का तपश्चरणका करना, तपसस्थिति है।

(८) साधु समाधि भावना :

(अ) सयमी या धर्मात्माको, कोई कारणसे विघ्न आ जाय तो, विघ्न को दूर कर, व्रतशील की रक्षा करना, साधु समाधि है। जीव द्रव्यसे, जब पुद्गल द्रव्य अलग है – भिन्न है, जीव जब अजर, अमर और सिद्ध स्वभावी है, तो मरनेका डर कैसा। समग्दृष्टि को मरनेका डरका नही होना, साधु समाधि है। रोगजनित पीडा पोदगलिक है। सम्यदृष्टि द्वारा शरीर परसे ममताका छोडना, सयम धारण करना और सम्यग्दर्शन, ज्ञान, चारित्र, तप ये चारो आराधनाओ

मे, विशेष दृढ होकर उत्साह सहित मरण करना, साधु समाधि है। इष्ट वियोग और अनिष्ट सयोगमे ज्ञान की दृढता के द्वारा भयका नही होना, साधु समाधि है। रत्नत्रय पूर्वक सावधानी से देहका (शरीरका) छोडना साधु समाधि है।

(ब) मरण, उपसर्ग, रोग, इष्ट वियोग और अनिष्ट योग आदि अशुभ या शुभ सयोगोमे साम्यभाव का रखना, साधु समाधि है।

(९) वैयावृक्ति भावना :

(अ) रोगोसे पीडित धर्मात्मा, सयमी मुनि आदिकी औषध आदि द्वारा सेवा करना दु ख दूर करनेके उपाय करना, वैयावृत्य है। (धनका खर्च करना सुलभ है किन्तु रोगीकी सेवा करना दुर्लभ है।) निज चैतन्य स्वरूप आत्माको राग, द्वेषादि दोषोमे लिपटने नही देना, आत्माको आत्म बोधमे एकाग्र रखना, धर्ममे लीन रखना, विषयोंके आधीन नही होने देना, आत्माकी वैयावृत्ति है। श्रद्धा से चलायमान और मार्ग से भ्रष्ट जीवोको पुन श्रद्धा और मार्ग पर लाना, उपकार वैयावृत्ति है। जो छ काय जीवकी रक्षा करनेमे सावधान है, वे समस्त प्राणियो की वैयावृत्तिमे है।

(ब) श्रावक, श्रमण, सयमी, मुनि आदिकी रुग्णावस्थाके समय सुश्रुषा का करना, वैयावृत्य है।

(१०) अरिहंतभक्ति भावना :

(अ) अरिहत के गुणोमे अनुराग, अरिहत भक्ति है। अरिहत का निरतर चितवन, स्तवन, गुणगान आदि मोक्षसुख को देनेवाले है।

(ब) मन, वचन, और कायसे, परम इष्ट "अरहंत" का स्मरण करना, अर्हद भक्ति है।

(११) आचार्यभक्ति भावना :

(अ) आचार्य भक्ति ही गुरू भक्ति है। वीतराग गुरूके गुणोमे अनुरागका होना आचार्य भक्ति है। आचार्यश्री के (सद्‌गुरुदेवके) गुणो का स्मरण, स्तवन, वदन, आचार्य भक्ति है।

(ब) मुनियो को आहार, आहारके लिए द्वारापेक्षन आदि क्रियाए, वदना, पूजा, प्रणाम, विनय और नमस्कार आदि आदि आचार्यभक्ति भावना है।

(१२) बहुश्रुतभक्ति भावना :

(अ) जिनके श्रुतज्ञानरूप दिव्यनेत्र है, स्वपर के हितमे जो प्रवर्तते है, स्वपर सिद्धात को विस्तार पूर्वक जो यथार्थ मे जानते है और स्याद्वाद रूप परम विद्याधारक है, उनकी भक्ति, बहुश्रुतभक्ति है। जो शास्त्रो पर अनुराग रखकर अध्ययन करते है, शास्त्रो के अर्थ दूसरोको भी कहते है, जो धन खर्च कर शास्त्र लिखवाते है, स्व शास्त्र लिखते है, काना, मात्रा, आदि दोषो को सुधारते है, व्याख्यान करते है, स्वाध्याय के लिए निराकुल स्थान स्थापित करते है, वह ज्ञानावर्ण कर्म को नाश करनेवाली बहुश्रुतभक्ति है।

(ब) प्रथमानुयोग, करणानुयोग और चरणानुयोग शास्त्रो का पठन पाठन करना, बहुश्रुतभक्ति है।

(१३) प्रवचनभक्ति भावना :

(अ) प्रवचन याने जिनेन्द्र, सर्वज्ञ, वीतराग भगवान द्वारा प्ररूपित आगम। जिस प्रकार अधकारमयी महलमे हाथमे दीपक लेने से सर्व पदार्थ दिखते हैं, उसी प्रकार त्रिभुवनरूप मदिरमे प्रवचन रूप दीपक द्वारा सूक्ष्म, स्थूल, मूर्तिक अमूर्तिक आदि सर्व पदार्थ दिखते

है । प्रवचनरुपी नेत्र द्वारा ज्ञानी जन चेतन आदि सर्व द्रव्योंका अवलोकन करते है । जिनेन्द्र के आगमका भक्ति और विनय पूर्वक अभ्यास प्रवचन भक्ति है । सम्यग्ज्ञान ही परम बाधव है, उत्कृष्ट धन है, परम मित्र है । स्वाधीन अविनाशी धन है ।

(ब) छ द्रव्य, पाच अस्तिकाय, सात तत्व, नौपदार्थ और कर्म प्रकृतियों के विच्छेद आदिका, शास्त्रो का, द्रव्यानुयोग शास्त्रो का, पठन पाठन प्रवचनभक्ति है ।

(१४) आवश्यक अपरिहाणि भावना : आवश्यक भावना ।

(अ) अवश्य करने के योग्य, आवश्यक है । उस आवश्यककी हानी न हो, वह आवश्यक अपरिहाणि भावना है । इन्द्रियाधीन नही होना वह अवश्य है, याने इन्द्रियो को जीतनेवाला (गोस्वामी) अवश, उसकी क्रिया वह आवश्यक क्रिया छ प्रकारकी हैं । सामायिक, तीर्थन्करो के स्तवन, वदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याख्यान और कार्योत्सर्ग । ये आवश्यक परम धर्मरूप है ।

(ब) प्रतिक्रमण, कार्योत्सर्ग, समता, वदना स्तुति, और स्वाध्याय ये छ-आवश्यक भावनाये हैं ।

(१५) सन्मार्ग प्रभावना भावना :

(अ) सन्मार्ग याने रत्नत्रयरूप मोक्षका मार्ग । इस मार्गके प्रभावको प्रकट करना, वह सन्मार्ग प्रभावना भावना है । हर आत्मामे समाये हुए रत्नत्रयरूप धर्म को प्रकट करना मार्ग प्रभावना है । शील की दृढता, परिग्रह की मर्यादा और परम सतोष धारण करने से आत्म प्रभावना और मार्ग प्रभावना होती है ।

(व) जिन देव का अभिषेक, श्रुत का व्याख्यान, गीत, वाद्य तथा नृत्य आदिसहित पूजा का करना, सन्मार्ग प्रभावना है ।

(१६) प्रवचन वत्सलता भावना :

(अ) प्रवचन याने देव, गुरु और धर्ममे वात्सल्य याने प्रीतिभाव, यही प्रवचन वात्सल्यता है । देव, गुरु, धर्मका सत्य स्वरूप जानकर दृढ श्रद्धा सहित धर्ममे रुचि रखनेवाले धर्मात्माओ मे प्रीतिभाव धारण करना वात्सल्य भाव है । अर्हन्तदेव, निर्ग्रन्थगुरु स्याद्वादरूप परमागम तथा दयारूप धर्म के प्रति जिनके वात्सल्य भाव होते है, वे ससार परिभ्रमण का नाश कर, निर्वाण प्राप्त करते है ।

(व) चारित्र के गुणधारी मुनियो की सेवा, सुश्रुषा आदि वात्सल्य है ।

७ वारह भावना

जीवको परिषह-उपसर्ग आदि सहन करनेमे वल रहे और भाव भी शुद्ध रहे, क्योकि भाव विनाका वाह्यलिग निरर्थक है, वास्ते अनित्य आदि वारह भावनाओ का निरूपण है ।

(१) शरीर, वैभव, लक्ष्मी, कुटुब, परिवारादिक सर्व विनाशिक है । जीवका मूल " धर्म " अविनाशी है । इस प्रकारका चितवन पहिली " अनित्य भावना " है ।

(२) ससार मे मरनेके समय जीवको कोई नही रख सकता, कोई नही शरण दे सकता । मात्र एक शुभ धर्म का ही शरण सत्य है । इस प्रकार का चिवतन दूसरी " अशरण भावना " है ।

(३) इस आत्माको ससारमे पर्यटन करते करते अनेको भाव वीते है । इस ससार रूपी जजीरसे कव छूटेगी । यह ससार मेरा नही, मै मोक्ष-मयी हू । इस प्रकार का चितवन तीसरी " ससार भावना " है ।

(४) यह मेरी आत्मा अकेली है, अकेली आई है और अकेली ही जायेगी। मेरे द्वारा किये हुए कर्म, मैं स्वत ही भोगूगा। इस प्रकारका चितवन चौथी "एकत्व भावना" है।

(५) ससारमे कोई, कोई का नही। इस प्रकार का चितवन पाचवी "अन्यत्व भावना" है।

(६) यह शरीर अशुचि है, व्याधियोंके रहनेका स्थान है। इस शरीरसे मैं पृथक हू। इस प्रकारका चितवन छठी "अशुचि भावना" है।

(७) राग, द्वेष, मिथ्यात्व, इत्यादि सर्व आश्रव है। इस प्रकारका चितवन सातवी "आश्रव भावना" है।

(८) ज्ञान, ध्यानमे जीव प्रवर्तमान होकर नये कर्म बांधे नही। इस प्रकार की चितवना करना आठवी "सवर भावना" है।

(९) ज्ञानसहित क्रिया करना, निर्जराका कारण है। इस प्रकारका चितवन नवमी "निर्जरा भावना" है।

(१०) लोक स्वरूपकी उत्पत्ति, स्थिति, और विनाश स्वरूप की विचारणा यह दशवी "लोक भावना" है।

(११) ससारमे भ्रमता आत्माको सम्यग्ज्ञानकी प्रसादी पाना दुर्लभ है या सम्यग्ज्ञान पाया तो चारित्र, सर्व विरति परिणामरूप धर्म पाना दुर्लभ है, ऐसी चितवन ग्यारहवी "बोधिदुर्लभ भावना" है।

(१२) धर्मके उपदेशक तथा शुद्ध शास्त्र के बोधक ऐसे गुरु और ऐसे श्रमण मिलना दुर्लभ है। ऐसा चितवन बारहवी "धर्म दुर्लभ भावना" है।

मोह और योग के सदभावसे या अभावसे, जीवके श्रद्धा–चारित्र–योग आदि गुणो की तारतम्यरूप अवस्था विशेपको गुणस्थान कहते हैं। एसे गुणस्थाग चौदह (चतुर्दश) है

(१) मिथ्यात्व	(२) सासादन	(३) मिश्र
(४) अविरतसम्यक्त्व	(५) देश विरत	(६) प्रमत्त विरत
(७) अप्रमत्त	(८) अपूर्व करण	(९) अनिवृत्तिकरण
(१०) सूक्ष्मसाम्पराय	(११) उपशान्त कपाय–उपशान्तमोह	
(१२) क्षीण कषाय – क्षीण मोह	(१३) सयोगकेवलीजिन और	
(१४) अयोग केवली सिद्ध		

नोट प्रत्येक गुणस्थानमे जो जो भाव पाये जाते है, उनका "गुण" अथवा "स्वतत्व" नामसे उल्लेख है।

(१) प्रथम मिथ्यात्व गुणस्थानमे जीवके औदयिक भाव होते है। औदयिक भाव याने कर्मोके उदयसे आत्माके होनेवाले परिणाम ये दर्शन मोहनीय कर्मकी अपेक्षा से है।

(२) द्वितीय सासादन गुणस्थानमे जीवके पारिणामिक भाव होते है। पारिणामिक भाव याने आत्माका निरतर सहज स्वभाव भान।

(३) तृतीय मिश्र गुणस्थानमे जीवके क्षायोपशमिक भाव होते है। इस गुणस्थान वर्ती जीव न सकल सयम और न देश सयम के पात्र होता है। इसमे सम्यक्त्व और मिथ्यात्व दोनो का मिश्रण है।

(४) चतुर्थ अविरतसम्यक्त्व गुणस्थानमे जीवके औपशमिक, क्षायिक और क्षायोपशमिक, ये तीनो भाव होते है। इस गुणस्थानमे न इन्द्रिय सयम होता है और न प्राण सयम।

(१) औपशमिक भाव याने आत्माके पुरुषार्थ द्वारा अशुद्धताका प्रगट न होना, अर्थात दब जाना ।

(२) क्षायिक भाव याने आत्माके पुरुषार्थसे किसी गुणकी शुद्ध अवस्थाका प्रगट होना ।

(३) क्षायोपशमिक भाव याने आत्माके पुरुषार्थ का निमित्त पाकर कर्मका स्वयं आंशिक क्षय और आंशिक उपशम का होना ।

(५) पंचम देश गुणस्थानमे जीवको प्रत्याख्यानावरण कषायका उदय रहता है, वास्ते पूर्ण संयम नही होता किन्तु अप्रत्याख्यानावरण कषायका उदय नही रहता, वास्ते एक देशव्रत का संयम होता है ।

(६) षष्ठ प्रमत्त गुणस्थानमे जीवको संयमके साथ प्रमाद भी होता है । इस गुणस्थान तक सब ही जीव प्रमाद सहित हुआ करते हैं और इससे उपरके गुणस्थानोमे सब ही जीव प्रमाद रहित होते हैं । प्रमाद याने संज्वलन कषायकी तीव्रता

(७) सप्तम अप्रमत्त गुणस्थानमे जीवको संज्वलन और नोकषायका मन्द उदय होता है । सकल संयमसे युक्त मुनिके प्रमाद नही होता । अप्रमत्तसंयत के दो भेद है (१) स्वस्थाना प्रमत्त और (२) सातिशयाप्रमत्त ।

(८) अष्टम अपूर्वकरण गुणस्थानमे जीव अनन्त गुणी विशुद्धिको लिए मोहनीय कर्मकी प्रकृतियोका क्षपन अथवा उपशमन करने पर तपर होता है । इस गुणस्थानका काल मात्र अन्तर्मुहूर्त है ।

(९) नवम अनिवृत्तिकरण गुणस्थानमे जीव मोहनीय कर्मकी बादर कृष्टिसे सूक्ष्म कृष्टिकी ओर झुकता है तथा अत्यंत निर्मल ध्यानरूप परिणामका मात्र अन्तर्मुहूर्त पर्यन्त रहता है ।

(१०) दशम सूक्ष्मसाम्पराय गुणस्थानमे जीव चाहे उपशम श्रेणिका आरोहण करनेवाला हो अथवा क्षपक श्रेणिका, किन्तु सूक्ष्म लोभ (कषाय) का भास रहता है।

(११) एकादश उपशान्त कषाय अथवा उपशान्त मोह गुणस्थानमे जीवको निर्मल जलकी तरह सम्पूर्ण मोहनीयकर्मका उपशम हो जाता है अर्थात कषायोका सर्वथा उपशम हो जाता है।

(१२) द्वादश क्षीण कषाय अथवा क्षीण मोह गुस्थानमे जीवके मोहनीय कर्मका सर्वथा क्षय हो जाता है। जीव वीतराग स्तिति पर पहुँच जाता है।

(१३) त्रयोदश सयोग केवली गुणस्थानमे जीवके अन्य तीन ((१) ज्ञाना-वरण (२) दर्शनावरण और (३) अन्तराय) कर्मोका क्षय हो जाता है। वह अरहत परमेष्ठिपदको प्राप्त कर लेता है, पर योगकी प्रवृत्ति रह जाती है।

(१४) चतुर्दश अयोग केवली गुणस्थानमे जीवके आश्रवके द्वार सर्वथाके लिए वद हो जाते है। सवरकी आवश्यकता रहती नही है। जीव मुक्तअवस्थाके निकट आ जाता है। वह काय योग से भी रहित हो चुकता है। अब वह सिद्ध परमेष्ठी है।

नोट कषाय (क्रोध, मान, माया और लोभ) के चार प्रकार है

(१) अनन्तानुबन्धी जो आत्माके सम्यग्दर्शन गुणका घात करे।

(२) अप्रत्याख्यानावरण जो आत्माके देश चारित्रका घात करे।

(३) प्रत्याख्यानावरण जो आत्माके सकल चारित्रका घात करे।

(४) सज्वलन जो आत्माके यथाख्यात चारित्रका घात करे।

९. मार्गणा

जिन जिन धर्मविशेषो से जीवो का अन्वेषण किया जाता है, उन उन धर्मविशेषो को मार्गणा कहते है ।

गति–इन्द्रिय–काय आदि चौदह प्रकारके धर्मद्वारा अनेक प्रकारके जीवो के भेद जाने जा सके, अथवा जिसके द्वारा जीवसमूह की खोज हो सके।

(१) गति	चार है (१) नरक (२) तिर्यन्च (३) मनुष्य और (४) देव
(२) इन्द्रिय	पाच है (१) स्पर्शन (२) रसना (३) घ्राण (४) चक्षु और (५) कर्ण
(३) काय	छ है (१) पृथ्वी (२) जल (३) अग्नि (४) वायु (५) वनस्पति और (६) त्रस
(४) योग	तीन है (१) मन (२) वचन और (३) काय
(५) वेद	तीन है (१) पुरुष (२) स्त्री और (३) नपुसक
(६) कषाय	चार है (१) क्रोध (२) मान (३) माया और (४) लोभ
(७) ज्ञान	आठ है (१) मति (२) श्रुत (३) अवधि (४) (४) मन पर्यय (५) केवल (६) विभग (७) कुमती और (८) कुश्रुत
(८) संयम	पाच है (१) पाच महाव्रतका धारण (२) पाच समितिका पालन (३) चार कषायोका निग्रह (४) तीन योग – मन, वचन जौर काय रूप दन्डका त्याग और (५) पाच इन्द्रियो का जय

(९) दर्शन	चार है	(१) चक्षुदर्शन
		(२) अचक्षुदर्शन
		(३) अवधिदर्शन और
		(४) केवल दर्शन
(१०) लेश्या	छ हैं	(१) कृष्णलेश्या
		(२) नीललेश्या
		(३) कापोतलेश्या
		(४) पीतलेश्या
		(५) पद्मलेश्या और
		(६) शुक्ल लेश्या
(११) भव्यत्व	दो है	(१) जो सिद्धिके प्राप्तिके योग्य हो और
		(२) जो सिद्धिके प्राप्ति के योग्य न हो
(१२) सम्यकत्व	दो हैं	(१) केवल आज्ञासे और
		(२) अधिगमसे
(१३) सज्ञित्व	दो हैं	(१) सज्ञी और
		(२) असज्ञी
(१४) आहारत्व	दो हैं	(१) आहारक और
		(२) अनाहारक

मोक्षमार्गस्य नेतार भेतार कर्मभूभृता ।
ज्ञातार विश्वतत्वाना वदे तदगुणलब्धये ॥

TO HIM, WHO HAS SHOWN THE BATH OF LIBERATION, WHO HAS DESTROYED THE MOUNTAINS OF KARMAS AND WHO HAS KNOWN THE ENTIRE REALITIES, I BOW DOWN IN ORDER TO ACQUIRE THOSE QUALITIES

॥ श्री ॥

कुछ अभ्यास की पंक्तियाँ

चतुर्थ प्रकरण · 4TH CHAPTER

ध्यान (Concentration of Mind)

१. ध्यान The Concentration·

(१) जीवने मनुष्यपना काकतालीय न्यायसे (अनायास) पाया है, वास्ते जीवको अपने मे ही अपनेको निश्चय करके अपना मनुष्यभव सफल करना है।

(२) मोक्ष कर्मोंके क्षयसे ही होता है। कर्मोंका क्षय सम्यग्ज्ञान से होता है और वह सम्यग्ज्ञान ध्यानसे सिद्ध होता है अर्थात ध्यानसे ज्ञानकी एकाग्रता होती है, इस कारण ध्यान ही आत्माका हित है।

(३) जीवका आशय तीन प्रकारका ही है, अध्यात्मशास्त्रकी अपेक्षा, आत्माके उपयोगकी प्रवृत्ति सक्षेपसे तीन प्रकारकी ही मानी गई है।

(४) प्रथम पुण्यरूप शुभ आशय है और उसका विपक्षी दूसरा पापरूप अशुभ आशय है और तीसरा शुद्धोपयोगनामा आशय है।

(५) शुभ ध्यानसे पुण्यबन्ध तथा अशुभ ध्यानसे पापबन्ध होता है और शुद्ध ध्यानसे पापपुण्यरूप बंधोंका नाश होकर मोक्षकी प्राप्ति होती है ।

(६) द्वादशांग सूत्रके अनुसार (१) आर्त, (२) रौद्र, (३) धर्म और (४) शुक्ल ऐसे ध्यान के चार भेद हैं ।

(७) (१) ध्यान करनेवाला ध्याता, (२) ध्यानके दर्शन, ज्ञान चारित्र, सहित समस्त अंग, (३) गुण, दोष, लक्षण सहित ध्येय के रूप और (४) ध्यान का फल यह चतुष्टय ध्याता, ध्यान, ध्येय और फल कुछ समझने जैसे हैं ।

(८) जो तत्वार्थका (वस्तुका) यथार्थ स्वरूप जानते हैं, मनमे संवेग (विरक्ति रूप है, मोक्ष तथा उसके मार्गमे अनुरागी हैं और संसारजनित सुखों मे निःस्पृह (वाञ्छारहित) हैं, वे उपयुक्त ध्याता हैं ।

(९) दर्शन, ज्ञान चारित्र की शुद्धता पूर्वक किया हुआ मोक्ष फलका दाता, ध्यान है ।

(१०) ध्यान करने योग्य वस्तु ध्येय है । ध्येय वस्तु (१) चेतन और (२) अचेतन हैं । चेतन जीव है और अचेतन धर्मादिक पांच द्रव्य हैं । ये द्रव्य (वस्तु) उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य सहित हैं । पुदगल मूर्तिक है, जीवादिक अमूर्तिक हैं । चैतन्य ध्येय, देह सहित समस्त कल्याण के पूरक एक तो अरहंत भगवान और दूसरे निष्कल शरीर रहित सिद्ध भगवान ध्येय हैं ।

(११) रागादिक विकारोंसे रहित होना, विशुद्ध दर्शनज्ञानमयी चेतनामे आत्मबुद्धि का होना, समस्त कर्मोंसे रहित केवल ज्ञानादि का प्राप्त होना, फल है।

(१२) साम्यभाव ध्यान की सिद्धि ।
जो कांच और कंचन को एक समान समझे, जो अरि और मित्र को एक स्वरूप जाने और जो निंदा और बडाई मे कोई भेद नही देखें । जिन्हे

सुख, दु ख, जीवन और मरणमे न खुशी है और न दिलगीरी हैं और जिन्हे इष्ट वियोग और अनिष्ट योग मे सहनशीलता है, ऐसे साम्यभाव जीवो को मोक्षके कारण स्वरूप ध्यानकी सिद्धि होती है ।

(१३) आर्त आदि ध्यानो का चतुष्टय

जिस जीवका ध्यान निश्चल है, उसके समभाव भी निश्चल हैं । ध्यानका आधार समभाव है और समभाव का आधार ध्यान है । समीचीन प्रशस्त ध्यानसे केवल साम्य ही स्थिर नही होता, किन्तु कर्मके समूहसे मलीन यह यन्त्रवाहक जीव भी शुद्ध होता है । ध्यानसे कर्मोंका क्षय होता है ।

(१४) उत्कृष्ट काय का वध सहननवाले जीवको अन्तर्मुहूर्त पर्यंत एकाग्रता-पूर्वक चिताका निरोध, ध्यान है ।

(१५) ध्यान दो प्रकार के है (१) प्रशस्त और (२) अप्रशस्त । प्रशस्त ध्यानसे उत्तम फल होता है और अप्रशस्त ध्यान से बुरा फल होता है । जिस ध्यानमे जीव अस्तराग, (राग रहित) हो जाय और बस्तु-स्वरूपका चिंतवन करे, वह प्रशस्त ध्यान है । जीव जिस ध्यानमे राग सहित है। वह अप्रशस्त ध्यान है ।

(१६) जीवो के प्रशस्त ध्यान, धर्म और शुक्ल के भेदसे दो प्रकारके है । जीवो के अप्रशस्त ध्यान, आर्त और रौद्र के भेदसे दो प्रकार के है ।

(१७) आर्त और रौद्र ध्यान जीवो को अत्यत दु ख देनेवाले है और धर्म और शुक्लध्यान जीवो के कर्मों को निर्मूल करनेमे समर्थ है ।

२. आर्त ध्यान का चतुष्टय

(१) अनिष्ट सयोगज

अनिष्ट पदार्थ का सयोग होने पर उसे दूर करनेके लिए, वार वार विचार करना ।

(२) इष्ट वियोगज

इष्ट पदार्थ का वियोग होने पर उसे प्राप्त करनेका वार वार विचार करना।

(३) वेदना जन्य

रोग जनित पीडा होने पर उसे दूर करनेके लिए वार वार चिंतवन करना। और

(४) निदान जन्य

आगामी कालमे भोगोकी वाछाका वार वार चिंतवन करना।

२ रौद्र ध्यान का चतुष्टय

(१) हिंसानदी (हिंसानद)

हिंसामे आनद मानकर उसके साधन मिलानेमे तल्लीन रहना।

(२) मृषानदी (मृषानद)

असत्य, (झूठी) कल्पनाओके निर्माण और झूठ वोल्नेमे आनदका अनुभव करना।

(३) चौर्यानदी (चौर्यानद)

चोरीमे आनद मानकर अनेक प्रकारकी वाछाका होना। और

(४) परिग्रहानदी (सरक्षणानद)

परिग्रहकी वृद्धि और सरक्षणमे तल्लीन रहना। प्रपचो द्वारा अन्यो पर प्रभुत्व स्थापित करना।

४ भावना का चतुष्टय

(१) मैत्री भावना

सूक्ष्म और वादर (स्थूल) त्रस (दो-तीन-चार और पाच इन्द्रिय जीव) और स्थावर (पृथ्वी-जल-अग्नि-वायु और वनस्पति कायिक एक इन्द्रिय जीव) प्राणी सुखदु खादि अवस्थाओमे जैसे तैसे तिष्ठे हो तथा नानाभेदरूप योनियोमे प्राप्त होनेवाले जीवोके प्रति ऐसी चेष्टा करे कि ये सब जीव कष्ट और आपदाओंसे वर्जित हो जावें, तथा वैर, पाप और अभिमानको छोडकर सुखको प्राप्त होवे, यह मैत्री भावना है ।

(२) करुणा भावना

दीनदु खी जीवो के दु ख दूर करनेके उपाय करनेकी बुद्धि और प्रयत्न, क णा भावना है ।

(३) प्रमोद भावना

शास्त्राभ्यासि, यम नियमादिकमे उद्यमयुक्त, स्वतत्त्वाभ्यास करनेमे चतुर कषायोको जीतनेवाले, चारित्र्यवान, गुणीजनोको प्रोत्साहित करना, प्रमोद भावना है ।

(४) माध्यस्थ भावना

क्रोधी, निर्दय, क्रूरकर्मी, लम्पट, व्यसनी, निंदक, अभिमानी, नास्तिक आदि जीवोमे, रागद्वेषरहित मध्यस्थ भावका होना, माध्यस्थ भावना है ।

५ ध्यानके अयोग्य और योग्य स्थान

जीवो का चित्त स्थानके दोषसे तत्काल विकारताको प्राप्त होता है और वही मन मनोज्ञ स्थानको पाकर स्वस्थता (निश्चलता) को प्राप्त होता है ।

६ दूषित स्थान

जहा म्लेच्छ आदि रहते हो, पाखडी भेषियो के समूहसे घिरा हुआ हो, व्यभिचार हो, क्रूर कर्मोंका सचार हो, द्यूतक्रीडा हो, मद्यपान हो, शिकार हो, शिल्पी (शिलावट कारीगर) कारुक, (मोची आदि) हो अथवा विक्षिप्त (छोडा हुआ) हो, अग्निजीवी (लुहार, ठठेरे आदिक) हो तथा रजस्वला, भ्रष्टचारित्री, नपुसक, अगहीन हो ।

७ मनोज्ञ स्थान

सिद्धक्षेत्र, समुद्रका किनारा, वन, पर्वतका शिखर, नदीका किनारा, कमलका वन, प्राकार, शालवृक्षोका समूह, नदियोका सगम, द्वीप, स्मशान, गुफा, सिद्धकूट, चैत्यालय, रमणीक, उपद्रव रहित, कदली गृह' उपवन, चैत्यवृक्षके समीप तथा वर्षा, आतप, हिम, शीतादिक और प्रचड पवनादिसे वर्जित हो ।

८. ध्यानके योग्य आसन

पर्यंकासन (पद्मासन), वज्रासन, वीरासन, सुखासन, कमलासन कायोत्सर्ग, आदि ।

९ ध्यानकी सिद्धि का कारण स्थान और आसन अवश्य है किन्तु सुस्थित हो अथवा दु स्थित हो, चित्तका स्थिर स्वरूप मुख्य है, फिर कैसा भी स्थान हो या आसन हो ।

१०. (अ) धर्म ध्यान का चतुष्टय

(१) जीव आत्माके स्वरूपको यथार्थ जानता हुआ भी अनादि विभ्रमकी वासनासे तथा मोहके उदयसे तथा विना अभ्यासके और उस तत्वके सग्रहके अभावसे मा सि च्युत हो जाता है, तत्व-स्वरूपसे चलायमान हो जाता है ।

(२) जीव आत्माके स्वरूपको यथार्थ जानता हुआ, ध्यानमे एकाग्रता लगाता हुआ भी, चित्तकी स्थिरताको धारण नही करता ।

(३) इस प्रकार पूर्वोक्त ध्यानके विघ्न के कारण दूर करनेके लिए, तथा समस्त वस्तुओंके स्वरूपका यथास्थित तत्काल ज्ञान प्राप्त करनेके लिए तथा आत्माकी विशुद्धता प्राप्त करनेके लिए, निरन्तर वस्तुस्थितिमे, स्थिरीभूत होना आवश्यक है ।

(४) तत्वका चिंतवन

(१) लक्ष्यके सम्बन्धसे – अलक्ष्यका चितवन ।

(२) स्थूल इन्द्रियगोचर पदार्थसे – सूक्ष्म इन्द्रिय अगोचर पदार्थका चिंतवन ।

(३) सालम्ब ध्येयसे – निरालम्ब ध्येयका चिंतवन ।

(४) दृष्ट पदार्थ के सम्बन्धसे–अदृष्ट पदार्थका चिंतवन–ध्यान ।

(५) जो भी जीव सिद्ध स्वरूपी है, किन्तु छदमस्थ (अल्पज्ञान) अवस्थामे है, परमात्मा जो अर्हन्त सिद्ध परमेष्ठी है, अल्पज्ञानीको द्रष्ट नही है । ध्यानके ध्येय एक तो देह सहित समस्त कल्याण के पूरक अरहत भगवान हैं और दूसरे निष्कल शरीर रहित सिद्ध भगवान है । इस लिए छद्मस्थ (अल्पज्ञानी) श्रुत ज्ञानके भेद रूप शुद्ध नयके द्वारा परमात्माका स्वरूप निश्चय करं, ध्यान करे ।

११ (ब) धर्म ध्यानका चतुष्टय

आज्ञा, अपाय, विपाक तथा सस्थान इनका भिन्न भिन्न विचय (विचार) अनुक्रमसे करना ही धर्मध्यान के चार प्रकार हैं ।

(१) आज्ञा विचय

(२) अपाय विचय

(३) विपाक विचय

(४) सस्थान विचय

११ आज्ञा विचय

(१) आगम की प्रमाणतासे अर्थका विचार करना। वीतराग आज्ञाका विचार, साधक दशाका विचार, जीव वर्तमानमे आत्मशुद्धिकी कौनसी भूमिका (कक्षा) मे वर्तता है, उसका स्वस्थिति (स्वसन्मुखता) पूर्वक विचार और चिंतवन करे।

(२) तत्व, पर्याय, हेतु आदि वस्तुस्वरूपका आगमानुसार विचार और चिंतवन करे।

(३) प्रमाण नय निक्षेपोसे निर्णय किये हुए, स्थिति उत्पत्ति और व्यय-सयुक्त याने उपजे, विनशें और स्थिर रहे ऐसे और चेतन अचेतनरूप है लक्षण जिसका ऐसे तत्व-समूहका विचार और चिंतवन करे। और

(४) निर्मल, शद्र तथा अर्थसे परिपूर्ण, नाना प्रकारके निर्बाध, शद्ब और अर्थका प्रकाश, समस्त प्रकारकी विद्याओका समूह, आचार आदि अग, पूर्व अग, बाह्य प्रकीर्णक रूप विद्याका समूह तथा द्रव्यश्रुत (शद्बरूप) और भावश्रुत (ज्ञानरूप) ऐसे श्रुतज्ञानका विचार और चिंतवन करे।

१२. अपाय विचय

(१) बाधकताका विचार – कितने अशमे सरागता – कषायकण विद्यमान है। जीवकी कमजोरी ही विघ्नरूप है, रागादि ही दुखके कारण है, ऐसे भावकर्मरूप बाधक भावोका विचार, अपाय विचय है। और

(२) जिस ध्यानसे कर्मोका अपाय (नाश) हो, उसका उपाय सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र रूप रत्नत्रय मार्ग है। जीवने बहुत, कालपर्यन्त मजन, उन्मजन (जन्म-मरण) किये और दुख भोगे।

जीवको अनादि अविद्या व मिथ्यात्वकी वहुलतासे कर्मोंका उपार्जन और बध होता रहा। जीवको विचार करना है कि वह कौन है, उसके कर्मोंका आश्रव क्यो होता है तथा कर्मोंका वध क्यो होता है और किन उपायो से निर्जरा होती है। जीव स्वसिद्ध स्वभावी है। कर्मोंका किन उपायोसे नाश होगा, वह अपाय विचय ध्यान है।

१३. विपाक विचय

(१) द्रव्य कर्मके विपाकका विचार, जीवकी भूलरूप मलिनभावोमे कर्मोंका निमित्त मात्र रूप सम्बन्ध को जानकर स्वसन्मुखताके बलको सभालना, जड कर्म किसीको लाभ हानि करनेवाला नही है, ऐसा विचार विपाक विचय है।

(२) जीवके अपने उपार्जन किये हुए कर्मके फलका जो उदय होता है, वह विपाक है।

(३) कर्मोदय क्षण प्रतिक्षण उदय होते हैं। कर्मोंका समूह द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावरूप चतुष्टयको पाकर सुख या दुखरूप अनेक प्रकारसे फलोको देता है। और

(४) अष्ट कर्म जनित जो कर्मोंका आश्रव होता है, उसकी निर्जरा कर्मोंकी स्थिति पूरी होने के पहले, तपश्चरणादिक से हो जा ी है। जीव, द्रव्य, क्षेत्र, काल और भावकी उत्कृष्ट सामग्रीको प्राप्त कर तीव्र तपके वलसे विपाक विचय ध्यानके पश्चात चौथे सस्थान विचय ध्यानसे कर्मोंको अतिशयताके साथ नष्ट करते हैं।

१४ सस्थान विचय

(१) जीवके शुद्धात्मद्रव्यका प्रगट निरावरण सस्थान आकार कैसे पुरुपार्थसे प्रगट हो, शुद्धोपयोगकी पूर्णता सहित, स्वभाव व्यजन पर्या-

यका स्वय, स्थिर, शुद्ध आकार कब प्रगट होगा, ऐसा विचार करना सस्थान विचय है ।

(२) इस ध्यानमे लोकका स्वरूप विचारा जाता है । प्रथम तो सर्व तरफ (चारो ओर) अनन्तानन्त प्रदेशरूप आकाश है। वह स्वप्रतिष्ठित है (आप ही अपने आधार पर है) उससे बडा अन्य कोई पदार्थ नही है, जो उसका आधार हो। उस आकाशके मध्य (बीच) मे यह लोक स्थित है ।

(३) यह लोक, ध्रौव्य, उत्पाद और व्यय (क्षय) करके सयुक्त, चेतन, अचेतन पदार्थोसे सम्पूर्णतया भरा हुआ और अनादि ससिद्ध है। इसके (१) ऊध्र्व (२) मध्य और (३) अधो, ये तीन भाग है । तीन जगत या तीन लोक, इसके नाम है ।

(४) प्रथम यह लोक घनोदधि पवनसे वेढा हुआ है, उसके उपर घनवात पवनसे वेढा हुआ है और उसके उपर अन्तमे तनुवात पवनसे वेढा हुआ है, इस प्रकार तीन पवनो से लोक वेढा आ है, इधर उधर हट नही सकता, आकाशके मध्य भागमे स्थित है ।

(५) इस लोककी ऊचाई चौदह राजू है । (अधो लोकसे लगा मध्य लोक पर्यन्त सात राजू है और मध्य लोकसे लगा ऊर्ध्व लोक पर्यन्त सात राजू है।) यह मूलमे चौडा सात राजू है, घटते घटते मध्यमे चौडा एक राजू है और वढते वढते ऊर्ध्वमे ब्रह्म ब्रह्मोत्तर तक पाच राजू है और फिर घटते घटते अतमे एक राजू है ।

(६) अधो लोकमे सात नरको के नारकियो की निवासकी भूमियां है ।

(७) अधोलोक के उपर मध्यलोकका मध्य भाग है। उसमें जम्बूद्वीपादिक द्वीप और लवणसमुद्रादिक भिन्न भिन्न स्वयभूरमण समुद्र पर्यन्त द्वीप और समुद्रो की स्थिति है।

(८) उपरोक्त द्वीप और समुद्र दूने दूने विस्तारवाले, गोलाकार कडेके आकार परस्पर एक दूसरेको लपेटे हुए हैं। जम्बूद्वीप, धातकीखण्डद्वीप, पुष्कर द्वीप, लवण समुद्र, कालोदधि आदि उत्तमोत्तम है तथा मानुषोत्तर पर्वतके मध्यस्थ नदी पर्वत मेरुपर्वतसे अति सुन्दर मनुष्यक्षेत्र है।

(९) एक लाख योजन व्यासका जम्बूद्वीप है। जम्बूद्वीपके चारो ओर दो लाख योजनका लवण समुद्र है। लवण समुद्रके चारो ओर चार लाख योजनका धातकीखडद्वीप है। धातकीखडद्वीपके चारो ओर आठ लाख योजनका कालो-दधि समुद्र है। कालोदधि समुद्रके चारो ओर सोलह लाख योजनका पुष्करद्वीप है। पुष्करद्वीपके उत्तरार्धमे – अगले आधे भागमे आठ लाख योजनका मानुषोत्तर – दीवारके समान पर्वत है – (इसलिए यह द्वीप पुष्करार्ध कहलाता है।)

(१०)
(१) जम्बूद्वीप — एक लाख योजन व्यासका
(२) लवण समुद्र — दो लाख योजन व्यास का
(३) धातकीखडद्वीप — चार लाख योजन व्यासका
(४) कालोदधि समुद्र — आठ लाख योजन व्यासका
(५) पुष्कर द्वीप — सोलह लाख योजन व्यासका
(६) पुष्कर द्वीपके उत्तरार्धमे – अगले आधे भागमे, आठ लाख योजन व्यासमे – दीवार के समान – मानुषोत्तर पर्वत है।

(११) जम्बूद्वीप, धातकीखडद्वीप, पूरे द्वीप और पुष्कर द्वीप आधा द्वीप है। इन अढाई द्वीपोमे ही मनुष्य रहते हैं, अगले द्वीपोमे मनुष्य रहते नही हैं और न मानुषोत्तर पर्वतके आगे मनुष्य जा ही सकते है। और

(१२) मनुष्य क्षेत्रमे (अढाई द्वीपमे) अनेक आर्यखड और म्लेच्छखड है। आर्यक्षेत्रोमे आर्य और म्लेच्छक्षेत्रोमे म्लेच्छ रहते है। क्षेत्रोके अनुसार गुण आचारादिक होते है।, मनुष्यक्षेत्र कही कुमानुष कुभोगभूमि सहित है, कही व्यन्तर देवोसे भरा है और कही उत्तम भोगभूमि सहित है।

(१३) जम्बूद्वीपके वीचमे पश्चिम पूर्व लम्बे छ पर्वत है, उनसे जम्बूद्वीपके (१) भरत (२) हेमवत (३) हरि (४) विदेह (५) रम्यक (६) हैरण्यवत और (७) ऐरावत ऐसे सात खड हो गये है।

(१४) पुष्करद्वीपसे आगे परस्पर एक दूसरेसे घिरे हुए दूने दूने विस्तारवाले मध्यलोकके अन्त तक द्वीप और समुद्र है।

(१५) कर्मभूमि, जहा असि, मसि, कृषि, सेवा, शिल्प और वाणिज्य इन छ कर्मोंकी प्रवृत्ति हो। पाच भरत, पाच ऐरावत और पाच विदेह, ये पन्द्रह कर्मभूमियाँ है।

(१६) भोगभूमि, जहा असि मसि आदि की प्रवृत्ति न हो। पाच हैमवत और पाच हैरण्यवत, ये दस क्षेत्र जघन्य भोगभूमिया है। पाच हरि और पाच रम्यक, ये दस क्षेत्र मध्यम भोगभूमियाँ है और पाच देवकुरु और पाच उत्तरकुरु, ये दस क्षेत्र उत्कृष्ट भोगभूमिया है।

(१७) मनुष्यक्षेत्रके वाहरके सभी द्वीपोमे जघन्य भोगभूमि जैसी रचना है परतु स्वयभूरमणद्वीपके उत्तरार्धमे तथा समस्त स्वयभूरमण समुद्रमे और चारो कोनेकी पृथ्वियोमे कर्मभूमि जैसी रचना है और वहा पर मनुष्य ही रहते है।

(१८) स्वयभूरमण द्वीपके उत्तरार्धकी, स्वयभूरमण समुद्रकी और चारो कोनो की रचना कर्मभूमि जैसी कही जाती है, क्योकि कर्मभूमिमे और वहा विकल त्रय (दो-तीन और चार न्द्रिय) जीव है तथा भोगभूमिमे विकलत्रय जीव नही है।

(१९) तिर्यन्कलोकमे (स्वयभूरमण समुद्रके चारो ओर के कोनो के अतिरिक्त भागोमे) पचेन्द्रिय तिर्यन्च रहते है, किन्तु जलचर तिर्यन्च, लवणसमुद्र, कालोदधि समुद्र और स्वयभूरमण समुद्रको छोडकर अन्य समुद्रोमे नही है ।

(२०) मध्य लोकके उपर आकाशमे (ऊर्ध्वलोकमे) ज्योतिषी देवोंके विमान रहते है, वे चर स्थिर भेदसे दो प्रकारके है (१) कई विमान निरन्तर गमन करते है और (२) कई विमान स्थिर रहते है ।

(२१) फिर कल्पवासी देवोके कल्प (विमान) रहनेके स्थान है ।

(१) सौधर्म	और	(२)	ईशान स्वर्ग
(३) सनत्कुमार	और	(४)	माहेन्द्र स्वर्ग
(५) ब्रह्म	और	(६)	ब्रह्मोत्तर स्वर्ग
(७) लातव	और	(८)	कापिष्ट स्वर्ग
(९) शुक्र	और	(१०)	महाशु स्वर्ग
(११) सतार	और	(१२)	सहस्त्रार स्वर्ग
(१३) आनत	और	(१४)	ाणत स्वर्ग
(१५) आरण	और	(१६)	अच्युत स्वर्ग ।

(२२) फिर इनके उपरके देवो के रहनेके (स्थान) विमान, नव ग्रैवेयक, अनुदिश और अनुत्तर है ।

(२३) देवोके निवासोमे निरतर रत्नोका प्रकाश, सदा वसतऋतु, विपदाका अभाव, सुखमय सामुग्रिया, दिव्य मनोहर शरीर, उपपाद शय्याद्वारा जन्म, अवधिज्ञानका योग, विमान ारा विचरना और कल्पवृक्षो और भोगोकी प्राप्ति है ।

(२४) सौधर्म स्वर्गसे लगाकर, अच्युतस्वर्ग पर्यन्त सोलह स्वर्ग (कल्प) कहे जाते है, उनके उपर नव ग्रैवेयकोमे वैमानिक देव है, वे कल्पातीत कहाते है। वे देव अहमिन्द्र नामसे वर्णित किये जाते हैं। वहा देवागनाये नही होती है।

(२५) नव(९) ग्रैवेयक विमानोके उपर आदित्यादिक नव (९) अनुदिश और श्रीजयन्तादिक पाच अनुत्तर विमान है, उनमे जो देव उत्पन्न होते है, वे वहासे चयकर मनुष्य होकर अवश्य ी मोक्षको पाते है।

(२६) अनुत्तर विमानोके आगे (उपर) शाश्वत धाम (मोक्ष स्थान वा सिद्धशिला) है। समस्त कर्मोके नाश करनेवाले सिद्ध भगवानोका आश्रय स्थान (निवास स्थान) है।

(२७) मोक्ष स्थानमे सिद्ध भगवान विद्यमान है, वे चैतन्य गुणोसे युक्त, कृतकृत्य, कर्मवधसे रहित स्वयबुद्ध परमात्मा है

१५ देवोके सम्वन्धमे विशेष वर्णन

(१) देव चार समूहवाले है (१) भवनवासी (२) व्यतर (३) ज्योतिषी और (४) वैमानिक।

उपरोक्त चार प्रकारके देवोमे हरएकके निम्नोक्त दस भेद है

(१) इन्द्र LIKE A KING

(२) सामानिक LIKE FATHER, TEACHER (आज्ञारुपी ऐश्वर्यसे रहित)

(३) त्रायस्त्रिंश : MINISTERS (IN ALL 33)

(४) पारिषद · COURTIERS

(५) आत्मरक्ष BODYGUARDS

(६) लोकपाल : POLICE

(७) अनीक , ARMY

(८) प्रकीर्णक : PEOPLE
(९) आभियोग्य : CONVEYANCES
(१०) किल्विषिक . SERVILE GRADE SERVANTS

नोट (१) त्रायस्त्रिश (२) लोकपाल ये भेद व्यतर और ज्योतिषी देवोमे नही होते ।

(३) कायद्वारा प्रविचार (१) भवनवासी (२) व्यतर (३) ज्योतिषी और (४) सौधर्म तथा ईशान स्वर्गके देवोमे है ।

(४) शेष स्वर्गके देवोका मनके विचार मात्रसे प्रवीचार है । सोलहवे स्वर्गसे आगेके देव कामसेवन रहित है ।

(५) भवनवासी देवो के दस भेद है ।

(१) असुरकुमार (२) नागकुमार (३) विद्युतकुमार (४) सुपर्णकुमार (५) अग्निकुमार (६) वातकुमार (७) स्तनितकुमार (८) उदधिकुमार (९) द्वीपकुमार और (१०) दिवकुमार ।

(६) २० वर्ष के युवक जैसा इनका जीवन और आदत होती है । इसलिए इन्हे कुमार कहते है ।

(७) इनके रहनेके स्थान । रत्नप्रभा (पहिली नर्क) के खरभागमे, (पहिले भागमे) असुर–कुमारको छोडकर, नवप्रकारके भवनवासी देव रहते है ।

(८) रत्नप्रभाके, पकभागमे (दूसरे भागमे) असुरकुमार रहते हैं ।

(९) व्यतर देवोके आठ भेद है ।

(१) किन्नर (२) किंपुरुष (३) महोरग (४) गन्धर्व (५) यक्ष (६) राक्षस (७) भूत और (८) पिशाच ।

कुछ व्यतर देव जम्बूद्वीप तथा दूसरे असख्यात द्वीप समुद्रोमे रहते है,

राक्षस रत्नप्रभा पृथ्वीके पकभागमे रहते है। अन्य सात प्रकारके देव खरभागमे रहते हैं।

(१०) ज्योतिषी देवोके पाच भेद हैं।

१) सूर्य २) चद्रमा ३) ग्रह ४) नक्षत्र और ५) प्रकीर्णक तारे। ज्योतिशी देवो का निवास मध्यलोकमे सम धरातलसे ७९० योजनकी ऊचाईसे लेकर ९०० योजनकी ऊचाई तक आकाशमे है। सबसे नीचे तारे हैं। उनसे १० योजन उपर सूर्य है। सूर्यसे ८० योजन उपर चन्द्रमा है। चन्द्रमासे चार योजन उपर २७ नक्षत्र है। नक्षत्रोसे ४ योजन उपर बुधका ग्रह, उससे ३ योजन उपर शुक्र, उससे ३ योजन उपर वृहस्पिति, उससे ३ योजन उपर मगल और उससे ३ योजन उपर शनि है। इस प्रकार पृथ्वीसे उपर ९०० योजन तक ज्योतिषी मडल है। इनका आवास मध्यलोकमे है। ये मेरु पर्वतकी प्रदक्षिणा देते हुए मनुष्यलोकमे हमेशा गमन करते है।

(११) मनुष्यलोकके (अढाई द्वीपके) वाहर असख्यात द्वीप और समुद्र हैं, उनके उपर (सबसे अतिम स्वयभूरमण समुद्रतक) ज्योतिषी देव स्थिर हैं।

(१२) मनुष्यलोकमे (अढाई द्वीपमे) ज्योतिषी देवोके गमनागमनपर समय विभाग आधारित है।

(१३) समय एक परमाणुके, एक आकाश प्रदेशसे, दूसरे आकाश प्रदेशमे, मद गतिसे जानेका काल। अति सूक्ष्म काल।

१६ अढाई द्वीपमे समयका कोष्टक :

६० सेकन्ड (SECOND)	:	१ मिनिट (MINUTE)
४८ मिनिट (MINUTE)		१ मुहर्त (MUHOORTHA)
३० मुहर्त (MUHOORTHA)		१ दिन रात (DAY & NIGHT)

१५ दिन रात (DAY & NIGHT)	१ पक्ष (FORT NIGHT)
२ पक्ष (FORTNIGHT)	१ मास (MONTH)
२ मास (MONTH)	१ ऋतु (SEASON)
३ ऋतु (SEASON)	१ अयन (AYANA)
२ अयन (AYANAS)	१ वर्ष (YEAR)
५ वर्ष (YEARS)	१ युग (YUGA)
८४ लाख वर्ष	१ पूर्वान्ग
८४ लाख पूर्वान्ग	१ पूर्व

१७ **अढाई द्वीपमे मनुष्यो की पोदगलिक रचना :**

शरीर, वचन, मन उच्छ्वास और निश्वास (श्वासोच्छ्वास) ये पुदगलो की रचना ।

(१) उच्छ्वास (प्राण) : ENHALING THE BREATH

(२) निश्वास (अपान) : INHALING THE BREATH

(3) RESPIRATION IN THE SCIENTIFIC ACCEPTANCE OF THE TERM, IS SIMPLY THE EXCHANGE BY THE ORGANISM, OF THE CARBON-DI-OXIDE GAS WHICH HAS BEEN FORMED IN THE BODY IN THE PROCESS OF COMBUSTION, FOR THE OXYGEN GAS WHICH IS REQUIRED FOR THAT COMBUSTION, IT IS THEREFORE A DOUBLE FUNCTION, OXYGEN BEING TAKEN IN AND CARBON-DI-OXIDE GOT RID OF BY ONE AND THE SAME PROCESS

(४) $\frac{२८८०}{३७७३}$ सेकंड : १ उच्छ्वास

(५) ७८ ६ उच्छ्वास : १ मिनिट
(एक स्वस्थ व्यक्तिके)

(६) ३७७३ उच्छ्वास : १ मुहूर्त

१८ **अढ़ाई द्वीपादिकमे नापका कोष्टक ।**

६ अगुल : १ पाद

२ पाद (१२ अंगुल) : १ विलस्त

२ विलस्त	१ हाथ
२ हाथ	१ गज (ईपु)
२ गज	१ धनुष
२००० धनुष	१ कोस
४ कोस	१ योजन

ोट सभी अकृत्रिम वस्तुओंके मापमे २००० कोसका योजन लिया जाता है ।

१९ सस्थान विचय धर्म ध्यान सम्बन्धी अध्ययन अधो, मध्य और ऊर्ध्व लोकका किया । अब इसके (सस्थान विचयके) (१) पिण्डस्थ (२) पदस्थ (३)रूपस्थ और (४) रूपातीत ये चार भेद है ।

(१) पिण्डस्थ ध्यानकी पाच धारणायें हैं ।

(१) पार्थिवी (२) आग्नेयी (३) श्वसना (४) वारुणी और (५) तत्वरूपवती

(२) पदस्थ ध्यान वर्णमातृका अवलवन लेकर, अक्षर स्वरूप पदोका चितवन ।

(३) रूपस्थ ध्यान वीतरागदेवका ध्यान मनन-चितवन । और

(४) रूपातीत ध्यान जिस ध्यानमे चिदानन्दमय, शुद्ध, अमूर्त, परमाक्षररूप आत्माको आत्मासे ही स्मरण करे, ध्यावे ।

२० (अ) शुक्ल ध्यानका चतुष्टय

(१) शुक्ल ध्यान, धर्म ध्यानपूर्वक होता है । मनको निश्चल करके धर्म ध्यान होता है, इसमे सासारिक व्यापारीके प्रवर्तनका सर्वथा अभाव हैं । धर्मध्यानके अनन्तर धर्मध्यानसे अतिक्रान्त होकर (निकलकर) अत्यन्त शुद्धताको प्राप्त हुआ धीरवीर, अत्यन्त निर्मल शुक्ल ध्यानके ध्यावनेका प्रारम्भ करता है । जो निष्क्रिय (क्रिया रहित) है, इन्द्रियातीत है और ध्यानकी धारणासे रहित है (मै इसका ध्यान करू) ऐसी इच्छासे रहित है और जिसमे चित्त अन्तरमुख अर्थात अपने स्वरूपके ही सन्मुख है, उसको शुक्ल ध्यान कहते है ।

(२) जिसके प्रथम वज्रवृषभनाराच सहनन है, जो पूर्व अर्थात ग्यारह अग और चौदह पूर्वका जाननेवाला है और जिसकी पुण्यरूप चेष्टा हो (शुद्ध चारित्र हो) वही जीव चारो प्रकारके शुक्ल ध्यानोको धारण करने योग्य होता है ।

(३) आत्माके शुचिगुणके सम्बन्धसे इसका नाम शुक्ल पडा है । कषायरूपी रजके क्षय होनेसे अथवा उपशम होने से, जो आत्माके निर्मल परिणाम होते हैं, वही शुचिगुणका योग है और वह शुक्लध्यान वैडुर्यमणिकी शिखाके समान निर्मल और निष्कप (कपतासे) रहित है । कपायरूपी मलके क्षय होनेसे अथवा उपशम होनेसे यह शुक्ल ध्यान होता है ।

(४) शुक्लध्यानके (१) पृथक्त्ववितर्क (२) एकत्ववितर्क (३) सूक्ष्म क्रिया प्रतिपाति और (४) व्युपरतक्रियानिवृत्ति ऐसे चार भेद है । उनमेसे पहिलेके दो (१) पृथक्त्ववितर्क और (२) एकत्ववितर्क तो छदमस्थ जीव (वारहवे गुणस्थान पर्यन्त अल्पज्ञानियोके) होते है और अन्तके दो शुक्लध्यान सर्वथा रागादि दोषोसे रहित ऐसे केवलज्ञानियोके होते हैं ।

(५) प्रथमके दो शुक्लध्यान, जोकि छदमस्थोके होते है, वे श्रुतज्ञानके अर्थके सवधसे श्रुतज्ञानके आलवनपूर्वक है अर्थात उनमे श्रुतज्ञान पूर्वक पदार्थका आलंबन होता है और अन्तमे दो शुक्लध्यान, जो अरहत भगवानके होते है, वे समस्त आलवन रहित होते है ।

(६) आदिके दो शुक्लध्यानोमे पहला शुक्लध्यान, वितर्कविचार पृथक्त्व सहित है, इसलिए इसका नाम पृथक्त्व-वितर्क विचार है और दूसरा इससे विपर्यस्त है ।

(७) दूसरा शुक्लध्यान वितर्क सहित है परन्तु विचार रहित है और

एकत्व पदसे लाञ्छित अर्थात सहित है, इस लिए इसका नाम एकत्व वितर्क-विचार है ।

(८) तीसरा शुक्ल ध्यान सूक्ष्मक्रियाअप्रतिपाति है । इसमे उपयोगकी-क्रिया नही है परन्तु कायकी क्रिया है । यह कायकी क्रिया घटते घटते जब सूक्ष्म रह जाती है तब यह तीसरा शुक्लध्यान होता है ।

(९) चौथा समुच्छिन्नक्रिय, अर्थात व्युपरत क्रियानिवृत्ति है । इसमे कायकी क्रिया भी मिट जाती है ।

(१०) शुक्ल ध्यानके चारो भेदोमेसे पहला (१) पृथक्त्व-वितर्क-विचार मन, वचन, और काय योगवालोको होता है, क्योकि इसमे योग पलटते रहते हैं ।

दूसरा (२) एकत्व-वितर्क-विचार
किसी एक योगसे ही होता है, क्योकि इसमें योग पलटते नही । जिस योगमे जीव लीन है, वही योग रहता है ।

तीसरा (३) सूक्ष्मक्रियाअप्रतिपाति
काययोगवालेको ही होता है, क्योकि केवली भगवानके केवल काययोगकी सूक्ष्मक्रिया ही है ।

चौथा (४) समुच्छिन्नक्रिया
अयोगकेवली के होता है, क्योकि अयोगकेवलीके योगोकी क्रियाका सर्वथा अभाव है

(११) जिस ध्यानमे पृथक पृथक रूपसे वितर्क, अर्थात श्रुतका वीचार अर्थात सक्रमण होता है । अर्थात जिसमे अलग अलग श्रुतज्ञान वदलता रहता है, उसको सवितर्क-सविचार-सपृथक्त्व ध्यान कहते हैं ।

(१२) जिस ध्यानमे वितर्कका विचार—"सक्रमण नही होता" और जो

एक रूपसे ही स्थित हो उसको "सवितर्क अविचार प एकत्व ध्यान कहते हैं।"

(१३) (१) नानात्व अर्थात अनेकपनेको पृथकत्व कहते है।
(२) श्रुतज्ञानको वितर्क कहते हैं। और
(३) अर्थ व्यजन और योगोके सक्रमणका नाम विचार कहा गया है।

(१४) एक अर्थ (पदार्थ) से दूसरे अर्थकी प्राप्ति होना, अर्थसक्रान्ति है। एक व्यन्जनसे दूसरे व्यन्जनमे प्राप्त होकर स्थिर होना, व्यन्जन सक्रान्ति है और एक योगसे दूसरे योगमे गमन करना, योगसक्रान्ति है। इस प्रकार विशुद्ध ध्यानके सामर्थ्यसे जिसका मोहनीयकर्म नष्ट हो गया है, ऐसे जीवको ये होते है।

(१५) एक अर्थसे दूसरे अर्थका चिन्तवन करे, एक शव्दसे दूसरे शद्वका और एक योगसे दूसरे योगका आश्रय ले, एक पर्यायसे दूसरे पर्यायका चिन्तवन करे, और द्रव्य रुप अणुसे अणुका चिन्तवन करे, इस प्रकार ी किया जाता है।

(१६) जो ध्यानी अर्थ व्यन्जन आदि योगोमे जैसे शीघ्रतासे सक्रमण करत है, वह ध्यानी अपने आप पु न उसी प्रकार लौटता है।

(१७) जिसके तीनो योग होते है और जो पूर्वका जाननेवाला होता है, वही जीव इस पहिले ध्यानको धारण करता है, इस लिए इस ध्यानका नाम सवितर्क (श्रुतज्ञान) सविचार (व्यन्जन और योगोका सक्रमण) सपृथक्त्व (अनेकपन नानात्व) कहा है।

(१८) इस अचिन्त्य प्रभाववाले ध्यानके सामर्थ्यसे जिसका चित्त शान्त हो गया है, ऐसा ध्यानी क्षणभरमे मोहनीय कर्मका मूलसे नाश करता है अथवा उपशम करता है।

(१९) इस ध्यानने अर्थादिकके पलटनेका तात्पर्य यह है कि श्रुतस्कन्ध अर्थात

द्वादशाग शास्त्रसे एक अर्थको लेकर उसका ध्यान करता हुआ दूसरे अर्थको प्राप्त होता है ।

(२०) यह ध्यान एक शब्दसे दूसरे शब्द पर जाता है और एक योगसे दूसरे योग पर जाता है, इस लिए इसका नाम सविचार सवितर्क है ।

(ख) (१) जीव द्वादशाग शास्त्रका अवगाहन करके, पहले इस पृथक्त्ववितर्क-विचार ध्यानको ध्यावे ।

(२) ध्यानी जिस समय पृथक्त्व ध्यानके द्वारा कषायमलसे रहित होता है, तब इस ध्यानीका पराक्रम गट होता है और तभी यह एकत्व ध्यानके योग्य होता है । जिसका मोहनीय कर्म नष्ट हो गया है और जो पूर्वका जाननेवाला है और जिसकी दीप्ति अपरिमित है । जिस ध्यानमे जीव खेद रहित होकर, एक द्रव्यको, एक अणुको अथवा एक पर्यायको एक योगसे चिंतवन करता है । ऐसी स्थितिमे ध्यानीके घातियाकर्म क्षण मात्रमे नष्ट हो जाते है । यह द्वितीय एकत्व-वितर्क-अविचार ध्यान है ।

(३) अब ध्यानीके (१) दर्शनावरण (२) ज्ञानावरण (३) मोहनीय और (४) अतराय ये चारो घातियाकर्म नष्ट हो जाते हैं, वह आत्म लाभको प्राप्त होता है और अत्यन्त उत्कृष्ट शुद्धताको पाकर, केवल ज्ञान और केवल दर्शनको प्राप्त करता है ।

(४) ये ज्ञान और दर्शन दोनो अलब्धपूर्व है, अर्थात पहिले कभी प्राप्त नही हुए थे, उनको पाकर, उसी समय वे केवली भगवान समस्त लोक और अलोकको यथावत देखते और जानते है ।

(५) जिस समय केवल ज्ञानकी प्राप्ति होती है, उस समय वे भगवान सर्व रात्मे उदयरूप सर्वज्ञदेव होते है और अनन्त सुख, अनन्त वीर्य, आदि विभूतिके प्रथम स्थान होते हैं । यह भावमुक्तका स्वरूप है ।

(६) तव वे सर्वगत और शिव ऐसे भगवान अरहतपनेको पाकर सपूर्ण कर्मोंके समूह और जरामरणसे रहित हो जाते हैं। अरहतपना पाकर सिद्ध परमेष्ठी होते हैं।

(७) केवली भगवानके अरहत भगवानके अवशेष चार अघातिया कर्म व्यक्ति रूपसे रहते हैं।

(८) कर्मोसे रहित और केवलज्ञान के सहित सर्वज्ञ (अरहत देव) जब अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आयु वाकी रह जाती है, तव तीसरे सूक्ष्मक्रिया अप्रतिपाति शुक्लध्यानके योग होते हैं।

(९) जो जिनदेव उत्कृप्ट छ महीनेकी आयु अवशेप रहते हुए केवली हुए हैं। वे अवश्य ही समुद्घात करते हैं और शेष अर्थात जो छ महीनेसे अधिक आयु रहते हुए केवली हुए हैं, वे समुद्घातमे विकल्प रूप हैं। समुद्घात करे और न भी करे।

(१०) जव अरहतपरमेष्ठीके आयुकर्म अन्तरर्मुहूर्तका अवशेष रह जाता है और अन्य तीनो (१) वेदनीय (२) नाम और (३) गोत्र कर्मोंकी स्थिति अधिक होती है तव समुद्घात की विधि साक्षात प्रयम ही आरभ करते हैं।

(११) अनन्त वीर्यके द्वारा, केवली भगवान क्रमसे (१) दड (२) कपाट और (३) प्रतर इन तीनो क्रियाओ को तीन समयमे करके चौथे समयमे इन समस्त लोकको पूर्ण करते हैं। आत्माके प्रदेश पहले समयमे दंडरूप लम्बे, द्वितीय समयमे कपाटरूप चौडे और तीसरे समयमे प्रतररूप मोटे होते हैं और चौथे समय मे इनके देश समस्त लोकमे भर जाते हैं, इसको लोकपूरण कहते हैं। ये सव क्रियाये चार समयमे होती है।

(१२) केवली भगवान जिस समय लोकपूर्ण होते हैं, उस समय उनके सर्वगत, सार्व, सर्वज्ञ, सर्वतोमुख, विश्वव्यापी, विभुभर्ता, विश्वमूर्ति और महेश्वर

ये नाम यथार्थ (सार्थक) होते है ।

(१३) यदि (१) वेदनीय (२) नाम और (३) गोत्र कर्मोकी स्थिति आयुकर्मसे अधिक हो, तो लोकपूरण अवस्थामे उनकी स्थिति आयुकर्मकी स्थितिके समान कर लेते है ।

(१४) फिर लोकपूरण स्थितिसे केवली (अरहत) भगवान, उसी क्रमसे चार समयोमे लौट कर स्वस्थ होते है । (१) लोकपूर्ण से (२) प्रतर, प्रतरसे (३) कपाट, कपाटसे (४) डरुप होकर चौथे समयमे शरीरके समान आत्मप्रदेशोको करते है ।

(१५) फिर केवली भगवान उस समय वादर काययोग मे स्थिति करके, वादर (१) वचन योग और (२) मनोयोग को सूक्ष्म करते है ।

(१६) फिर केवली भगवान, काययोगको छोडकर (१) वचन योग और (२) मनोयोगमे स्थिति करके, व दर काययोगको सूक्ष्म करते है ।

(१७) तत्पश्चात केवली भगवान काययोगमे स्थिति करके, क्षगमात्रमे (१) वचन योग और (२) मनोयोग का निग्रह करते है ।

(१८) तव यह सूक्ष्मक्रिया ध्यान, सूक्ष्म एक काययोगमे स्थित हुआ । अन्त समयके, पहले समयमे, कर्मोकी वहत्तर प्रकृति नष्ट होती है । चौथे समुच्छिन्नक्रिय ध्यानके आरभमे, कर्मोकी शेष रही हुई तेरह प्रकृतियोके विलयके साथ, केवली भगवान मोक्ष प्राप्त करते है ।

(१९) शेष अन्तर्मुहूर्त प्रमाण आयुमे केवली भगवान अतके,

(१) सूक्ष्म क्रिया अप्रतिपाति और

(२) व्युतरत क्रिया निवृति ये दोनो ध्यान पूर्ण करके मोक्ष प्राप्त करते हैं ।

(२०) पश्चात वे भगवान ऊर्ध्व गमन कर, एक समयमे ही, अवरोध रहित लोकके अग्रभाग विशेप विराजमान होते हैं।

(२१) जो गतिस्वभाव है, गमन करनेमे हेतु है, सो धर्मास्तिकाय है जो और स्थिति लणक्षरूप है, पदार्थोंकी स्थितिमे कारण है, सो अधर्मास्थिकाग है। इन दोनोंके निमित्तसे पदार्थोंकी गति और स्थिति है। इन दोनोका प्रभाव केवल लोकाकाशमे है। इसलिए भगवान लोकाग्रभाग तक ही गमन करते हैं।

(२२) सिद्धातमा उस लोकाग्रमन्दिरमे स्थिति पाकर, स्वभावसे उत्पन्न हुए अनन्त गुण सहित विराजमान रहते है।

(२३) यह आकाश सर्वत अनन्त है और उसके (१) लोक और (२) अलोक ऐसे दो भेद हैं। उस समस्त आकाशमे सिद्ध परमेष्ठीका ज्ञान घनीभूत होकर भरा हुआ है और इनका विभव कल्पनातीत हैं।

(२४) इस प्रकार ध्यान और ध्यानका फल सक्षेपमे पूर्ण हुआ।

२१. मोक्षका वर्णन :

(१) मोक्ष याने लोकका (लोकाकाशका) अग्रभाग है। जो जीव आठ कर्मोसि रहित है तथा आठ गुणोंसे सहित है, उनका निवास स्थान हैं।

(२) ये जीव परमेष्ठी, परमज्योति, विराग, विमल, कृती (कृतकृत्य) सर्वज्ञ, निरजन, निराकार, ज्योतिस्वरूपी, अचलस्थिति, सत्-चित-आनन्दरूप हैं। परमेष्ठीकी स्थिति निरूपमेय है। वे स्वय ही उपमान उपमेयरूप हैं। उनका उपमान उपमेय भाव अपना अपनेही साथ है।

(३) जैसे आकाश और कालका अन्त नही जाना जा सकता, उसी तरह स्वभावसे उपन्न हुए परमेष्ठीके गुणोका अन्त भी नही जाना जा सकता।

(४) सर्वज्ञ देव (अरहत भगवान) परमेष्ठीके गुणोको जानते है परन्तु

यदि वे उन गुणोको समाधान सहित अच्छी तरह वाणी द्वारा कहे, तो वे भी उनका पार नही पा सकेंगे क्योकि वाणी जड है, वचनो की सख्या अल्प है और गुण (चेतन स्वरूप) अनन्त इस लिए वे वचनोसे (वाणीसे) नही कहे जा सकेगे ।

२२ लोकके विषयमे :

(१) अनन्त आकाशके (१) अलोकाकाश और (२) लोकाकाश ये ो भेद है । अलोकाकाशमे धर्मास्ति और अधर्मास्तिकायका अभाव है । वहा की स्थिति शुन्यके समान है । चूकि लोकाकाश धर्म और अधर्म द्रव्य सहित है, यहा जीवादिक समस्त पदार्थ है । लोक अथवा लोकाकाश, पर्यायवाची शद्व है ।

२३ परिभाषायें ·

(१) ससारी जीव पदार्थको देखकर जानता है । पीछे सात ग (भेद) वाली नयोसे निश्चयकर श्रद्धान करता है । इस प्रकार दर्शन ज्ञान और सम्यक्त्व ये तीन जीवके गुण होते है ।

(२) प्रकृति अर्थात कारणके बिना वस्तुका सहज स्वभाव । जैसे आगका स्वभाव उपरको जाना, पवनका तिरछा वहना और जलका नीचेको गमन करना है ।

(३) जीवका स्वभाव रागादिरूप परिणमने (हो जाने) का है और कर्मका स्वभाव रागादिरूप परिणमावनेका है ।

(४) मद (नशे) का स्वभाव मदोन्मत्त कर देनेका है और पीनेवाले (जीव) का स्वभाव मदोन्मत्त हो जानेका है ।

इन पर्वतोंके ऊपर क्रमसे (१) पद्म, (२) महापद्म, (३) तिगिञ्छ, (४) केशरि (५) महापुण्डरीक और (६) पुण्डरीक नामके सरोवर हैं।

एक पल्योपम आयुवाली और सामानिक तथा पारिषद जातिके देवो सहित श्री, ह्री, धृति, कीर्ति, बुद्धि और लक्ष्मी नामकी देवियाँ क्रमसे उन सरोवरो के कमलो पर निवास करती है ।

(भरतमे) गगा, सिन्धु, (हैमवतमे) रोहित, रोहितास्या, (हरिक्षेत्रमे) हरित, हरिकान्ता, (विदेहमे) सीता, सीतोदा, (रम्यक्मे) नारी, नरकान्ता, (हैरण्यवत्मे) स्वर्णकूला, रूप्यकूला और (ऐरावतमे) रक्ता-रक्तोदा इस प्रकार ऊपर कहे हुए सात क्षेत्रोमे चौदह नदियाँ बीचमे बहती है ।

पहिले पद्म सरोवरमेसे पहिली तीन, छट्ठे पुडरीक नामक सरोवरसे अतिम तीन तथा वाकीके सरोवरोमेसे दो दो नदियाँ निकली है ।

(ये चौदह नदियाँ दोके समूहमे लेना चाहिये) हर एक दोके समूहमेसे पहिली नदी पूर्वकी ओर वहती है (और उस दिशाके समुद्रमे मिलती है ।)

वाकी रही सात नदियाँ पश्चिमकी ओर जाती है (और उस तरफके समुद्रमे मिलती है ।)

भरत और ऐरावत क्षेत्रके बीचमे पूर्व पश्चिम तक लवा विजयार्ध पर्वत है,
जिनसे गगा-सिन्धु और रक्ता-रक्तोदा नदियोके कारण दोनो क्षेत्रोके छह छह
खड हो जाते है उनमे बीचका आर्यखड और वाकीके पाँच म्लेच्छ खड है ।
तीर्थंकरादि पदवीधारी पुरुष भरत-ऐरावतके आर्य खडमे, तथा विदेह क्षेत्रोमे ही जन्म लेते है ।

४. (अ) भरत और ऐरावत क्षेत्रोमे कालकी विधि :

बीस कोड़ा कोड़ी (२० करोड x २० करोड) सागरका एक कल्प काल होता है ।

कल्पकाल (१) उत्सर्पिणी और (२) अवसर्पिणी मे विभाजित है ।

उत्सर्पिणीके छह भेद हैं

(१) दुषम दुषमा २१ हजार वर्षका है ।
(२) दुषमा २१ हजार वर्ष का है ।
(३) दुषम सुषमा
एक कोडा कोडी सागरमे ४२ हजार वर्ष कमका है ।
(४) सुषम दुषमा दो कोडा कोडी सागर का है ।
(५) सुषमा तीन कोडा कोडी सागर का है और
(६) सुषमा सुषमा चार कोडा कोडी सागरका है ।

अवसर्पिणीके छह भेद हैं

(१) सुषम सुषमा चार कोडा कोडी सागर का है ।
(२) सुषमा तीन कोडा कोडी सागरका है ।
(३) सुषम दुषमा दो कोडा कोडी सागरका है ।
(४) दुषम सुषमा एक कोडा कोडी सागरमे ४२ हजार वर्ष कम का है ।
(५) दुषमा २१ हजार वर्षका है । और
(६) दुषम दुषमा २१ हजार वर्षका है ।

भरत-ऐरावत क्षेत्रमे यह छह भेद सहित परिवर्तन हुआ करता है । असख्यात अवसर्पिणी बीत जानेके बाद एक हुडावसर्पिणीकाल आता है । इस समय हुडावसर्पिणीकाल चलता है ।

भरत-ऐरावत क्षेत्रके, म्लेच्छखडो तथा विजयार्धपर्वतकी श्रेणियोमे अवसर्पिणी कालके चतुर्थ (दुषम सुषमा) कालके प्रारम्भसे अवसर्पिणी कालके अततक परिवर्तन हुआ करता है और उत्सर्पिणीकालके तीसरे (दुषम सुषमा) कालके आदिसे उत्सर्पिणीके अततक परिवर्तन हुआ करता है, इनमे आर्यखण्डोकी तरह छहो कालोका परिवर्तन नही होता और उनमे प्रलयकाल भी नही होता ।

४. (ब) भरत और ऐरावत क्षेत्रके मनुष्योकी आयु, ऊँचाई और आहार :

काल	आयु		ऊँचाई		आहार
	प्रारभमे	अन्तमे	प्रारभमे	अन्तमे	
१	३ पल्य	२ पल्य	३ कोस	२ कोस	चौथे दिन बेरके बराबर
२	२ पल्य	१ पल्य	२ कोस	१ कोस	एक दिनके अतरसे बेहडा (फल) के बराबर
३	१ पल्य	१ कोटी पूर्व	१ कोस	५०० धनुष	एक दिनके अतरसे आवला बराबर
४	१ कोटी पूर्व	१२० वर्ष	५०० धनुष	७ हाथ	रोज एक बार
५	१२० वर्ष	२० वर्ष	७ हाथ	२ हाथ	कई बार
६	२० वर्ष	१५ वर्ष	२ हाथ	१ हाथ	अति प्रचुरवृत्ति

ोट – तीसरे काल तक भरत-ऐरावत क्षेत्रमे भोगभूमि रहती है ।

भरत और ऐरावत क्षेत्रको छोडकर दूसरे क्षेत्रोंमे एकही अवस्था रहती है-उनमे कालका परिवर्तन नही होता ।

हैमवत्क, हरिवर्षक और देवकुरु (विदेहक्षेत्रके अन्तर्गत एक विशेष स्थान) के मनुष्य, तिर्यच क्रमसे एक पल्य, दो पल्य, और तीन पल्यकी आयुवाले होते हैं ।

इन तीन क्षेत्रोके मनुष्योकी ऊँचाई क्रमसे एक, दो, और तीन कोस की होती है । शरीरका रग नील, शुक्ल और पीत होता है ।

उत्तरके क्षेत्रोमे रहनेवाले मनुष्य भी हैमवतकादिक के मनुष्योंके समान आयुवाले होते है ।

हैरण्यवतक क्षेत्रकी रचना हैमवतकके समान, रम्यकक्षेत्रकी रचना हरि क्षेत्रके समान और उत्तरकुरु (विदेहक्षेत्रके अतर्गत स्थान विशेप) की रचन देवकुरुके समान है ।

भोगभूमि-इस तरह उत्तम, मध्यम, और जघन्यरूप तीन भोगभूमिके दो दो क्षेत्र है । जम्बूद्वीपमे छह भोगभूमियां और अढाई द्वीपमे कुल ३० भोगभूमियाँ है, जहाँ सर्वप्रकारकी सामग्री कल्पवृक्षोसे प्राप्त होती है, उन्हे भोगभूमि कहते है ।

विदेहक्षेत्रोमे मनुष्य और तिर्यंचोकी आयु सख्यात वर्पकी होती है ।
विदेहक्षेत्रमे ऊँचाई पाँचसौ धनुष्य और आयु एक करोड वर्प पूर्वकी होती है ।

५. धातकी खण्ड द्वीप

धातकीखड नामके दूसरे द्वीपमे क्षेत्र, कुलाचार, मेरु, नदी इत्यादी सब पदार्थोंकी रचना जम्बूद्वीपसे दूनी दूनी है ।

धातकीखड लवणसमुद्रको घेरे हुए है । उसका विस्तार चार लाख योजन है । उसके उत्तरकुरु प्रान्तमे धातकी (आँवले) के वृक्ष है इसलिये उसे धातकीखण्ड कहते है ।

६. पुष्करार्द्ध द्वीप

पुष्करार्द्ध द्वीपमे भी सव रचना जम्बूद्वीपकी रचनासे दूनी दूनी है ।

पुष्करवर द्वीपका विस्तार १६ लाख योजन है, उसके वीचमे चूडीके आकार मानुषोत्तर पर्वत पडा हुआ है । जिससे उस द्वीपके दो हिस्से हो गये

है। पूर्वार्धमे सारी रचना धातकी खडके समान है और जम्बूद्वीपसे दूनी है। इस द्वीपके उत्तर कुरुप्रान्तमे एक पुष्कर (कमल) है। इसलिए उसे पुष्करवरद्वीप कहते हैं।

७ **अढाई द्वीपमे मनुष्यक्षेत्र**

मानुषोत्तर पर्वत तक, अर्थात अढाई द्वीपमे ही मनुष्य होते है, – मानुषोत्तर पर्वतसे परे ऋद्धिधारी मुनि या विद्याधर भी नही जा सकते।

जम्बूद्वीप, लवणसमुद्र, धातकीखण्ड, कालोदधि और पुष्करार्ध इतना क्षेत्र अढाई द्वीप है, इसका विस्तार ४५ लाख योजन है।

केवल समुद्घात और मारणातिक समुद्घातके प्रसगके अतिरिक्त मनुष्यके आत्मप्रदेश ढाई द्वीपके बाहर नही जा सकते।

८ **नन्दीश्वर द्वीप**

आगे चलकर आठवाँ नन्दीश्वर द्वीप है, उसकी चारो दिशामे चार अजनगिरी पर्वत, सोलह दधिमुख पर्वत और बत्तीस रतिकर पर्वत है। उनके उपर मध्यभागमें जिन मदिर है।

नन्दीश्वर द्वीपमे इसप्रकार बावन जिन मदिर है। बारहवाँ कुण्डलवर द्वीप है, उसमे चार दिशाके मिलाकर चार जिनमदिर ह। तेरहवा रुचकवर नामका द्वीप है उसके बीचमे रुचक नामका पर्वत है, उस पर्वत के उपर चारो दिशामे चार जिन मन्दिर हैं वहाँपर देव जिन पूजनके लिए जाते है, इस पर्वतके ऊपर अनेक कूट है, उनमे अनेक देवियोंके निवास है। वे देविया तीर्थंकर प्रभूके गर्भ और जन्मकल्याणकमे प्रभूकी माताकी अनेक प्रकारसे सेवा करती है।

९ **मनुष्योके भेद**

आर्य और म्लेच्छके भेदमे मनुष्य दो प्रकार के है।

आर्यों के दो भेद है – ऋद्धिप्राप्त आर्य और अनऋद्धिप्राप्त आर्य ।

म्लेच्छ मनुष्य दो प्रकारके है – कर्मभूमिज और अन्तर्द्वीपज, (१) पाच भरतके पाँच खड, पाँच ऐरावतके पाँच खड और विदेहके आठसौ खड, इसप्रकार (२५+२५+८००) आठसौ पचास म्लेच्छ क्षेत्र है, उनमे उत्पन्न हुए मनुष्य कर्मभूमिज है, (२) लवणसमुद्रमे अडतालीस द्वीप तथा कालोदधि समुद्रमे अड्तालीस द्वीप, दोनो मिलकर छियानवे द्वीपोमे कुभोगभूमियाँ मनुष्य है उन्हे अतर्द्वीपज म्लेच्छ कहते है । उन अतर्द्वीपज म्लेच्छ मनुष्योके चेहरे विचित्र प्रकारके होते है, उनके (मनुष्योके) शरीर (धड) और उनके ऊपर हाथी, रीछ, मछली इत्यादिओका सिर, वहुत लम्वे कान, एक पग, पूछ इत्यादि होती है । उनकी आयु एक पल्यकी होती है और वृक्षोंके फल मिट्टी इत्यादि उनका भोजन है ।

१०. कर्मभूमिका वर्णन

पाँच मेरु सबधी पांच भरत, पाँच ऐरावत, देवकुरु, तथा उत्तरकुरु ये दोनों छोडकर पाँच विदेह, इसप्रकार अढाईद्वीपमे कुल पन्द्रह कर्मभूमियाँ है ।

जहाँ असि, मसि, कृषि, वाणिज्य विद्या और शिल्प इन छह कर्मकी प्रवृत्ति हो उसे कर्मभुमि कहते है । विदेहके एक मेरू सबधी बत्तीस भेद है, और पाँच विदेह है, उनके ३२x५=१६० क्षेत्र पाँच विदेहके हुए और पाँच भरत तथा पाँच ऐरावत ये दस मिलकर कुल पन्द्रह कर्मभूमियोके १७० क्षेत्र है । ये पवित्रताके धर्मके क्षेत्र है अंर मुक्ति प्राप्त करनेवाले मनष्य वहाँ ही जन्म लेते है ।

एक मेरुसम्बधी हिमवत्, हरिक्षेत्र, रम्यक, हिरण्यवत, देवकुरु और उत्तरकुरु ऐसी छह भोगभूमियाँ है। इसप्रकार पाँच मेरु सम्बन्धी तीस भोगभूमियाँ है उनमेसे दस जघन्य, दश मध्यम और दस उत्कृष्ट है। उनमे दस प्रकारके कल्प वृक्ष है। उनके भोग भोगकर जीव सक्लेश रहित — साताम्प रहते है।

सर्वार्थसिद्धि पहुँचनेका शुभकर्म और सातवे नरक पहुँचने का पापकर्म, इन क्षेत्रोमे उत्पन्न हुए मनुष्य उपार्जन करते है। असि, मसि, कृषि आदि छह कर्म भी इन क्षेत्रोमे ही होते है, तथा देवपूजा, गरु उपासना, स्वाध्याय, सयम, तप और दान ये छह प्रकार के शुभ (प्रशस्त) कर्म भी इन क्षेत्रोमे ही उत्पन्न हुए मनुष्य करते है, इसीलिये इन क्षेत्रोको ही कर्मभूमि कहते है।

११ मनुष्योंकी उत्कृष्ट तथा जघन्य आयु

मनुष्योकी उत्कृष्ट स्थिति तीन पल्य और जघन्य स्थिति अतर्मुहूर्त की है।

यह ध्यान रखना चाहिये कि—मनुष्यभव एक प्रकारकी त्रसगति है, दो इद्रियसे लेकर, पचेन्द्रिय तक त्रसगति है। उसका एक साथ उत्कृष्टकाल, दो हजार सागरोपमसे कुछ अधिक है। उसमे सज्ञी पर्याप्तक मनुष्यत्वका काल तो वहुतही थोडा है। मनुष्यभवमे जो जीव सम्यग्दर्शन प्रगट करके धर्मका प्रारभ न करे, तो मनुष्यत्व मिटने के वाद कदाचित त्रसमेही रहे, तो भी नारकी-देव-तिर्यंच और वहुत थोडे मनुष्यभव करके अतमे त्रस पर्यायका काल (दो हजार सागरोपम) पूरा करके एकेद्रियत्व पावेगा। वहा अधिकसे अधिक काल (उत्कृष्ट रूपसे असख्यात पुग्दलपरावर्तन काल) तक रहकर एकेन्द्रिय-पर्याय (शरीर) धारण करेगा।

१२. तिर्यंचोकी आयुस्थिति

तिर्यंचोकी आयु की उत्कृष्ट तथा जघन्य स्थिति उतनी ही (मनष्यो जितनी) है। तिर्यंचोकी आयुके उपविभाग निम्नप्रकार है –

अ. न	जीवकी जाति	उत्कृष्ट आयु
(१)	पृथ्वीकाय	२२००० वर्ष
(२)	वनस्पतिकाय	१०००० वर्ष
(३)	अपकाय	७००० वर्ष
(४)	वायुकाय	३००० वर्ष
(५)	अग्निकाय	३ दिवस
(६)	दो इन्द्रिय	१२ वर्ष
(७)	तीन इन्द्रिय	४९ दिवस
(८)	चतुरिन्द्रिय	६ मास
(९)	पचेन्द्रिय	
	१ कर्मभूमिके पशु असज्ञी पचेन्द्रिय मछली इत्यादि	१ करोड पूर्व वर्ष
	२ परिसर्र जातिके सर्प	९ पूर्वांग वर्ष
	३ सर्प	४२००० वर्ष
	४ पक्षी	७२००० वर्ष
	५ भोगभूमिके चौपाये प्राणी	३ पल्य

भोगभूमियोको छोडकर इन सब की जघन्य आयु एक अतर्मुहूर्तकी है ।

१३ मध्यलोकके वर्णन का सक्षिप्त अवलोकन

(१) जम्बूद्वीप

मध्य लोकके अत्यन्त वीचमे एक लाख योजन चौडा, गोल (थाली जैसा) जम्बूद्वीप है । जम्बूद्वीपके वीचमे एक लाख योजन सुमेरुपर्वत है, जिसकी एक हजार योजन जमीनके अन्दर जड है, निन्यानबे हजार योजन जमीनके ऊपर है और उसकी चालीस योजन की चुलिका (चोटी) है ।

जम्बूद्वीपके वीचमे पश्चिम पूर्व लम्बे छह कुलाचल (पर्वत) है, उनसे जम्बू द्वीपके सात खण्ड हो गये हैं, उन सात खण्डोंके नाम (१) भरत (२) हैमवत, (३) हरि, (४) विदेह, (५) रम्यक, (६) हैरण्यवत और (७) ऐरावत हैं ।

(२) उत्तरकुरु-देवकुरु

विदेहक्षेत्र मे मेरुके उत्तरदिशामे उत्तरकुरू तथा दक्षिणदिशा मे देवकुरुक्षेत्र हैं ।

(३) लवणसमुद्र :

जम्बूद्वीपके चारो तरफ खाईके माफक घेरे हुए दो लाख योजन चौडा लवणसमुद्र है ।

(४) धातकीखण्डद्वीप

लवणसमुद्रके चारो ओर घेरे हुए चार लाख योजन चौडा धातकी खण्डद्वीप है । इस द्वीपमे दो मेरु पर्वत है, इसलिये क्षेत्र तथा कुलाचल (पर्वत) इत्यादि की सभी रचना जम्बूद्वीपसे दूनी है ।

(५) कालोदधिसमुद्र

धातकीखण्डके चारो ओर घेरे हुए आठ लाख योजन चौडा कालोद समुद्र है ।

(६) पुष्करद्वीप

कालोदधिसमुद्रके चारो ओर घेरे हुए सोलह लाख योजन चौ पुष्करद्वीप है । इस द्वीपके बीचोबीच वलय (चूडी) के आकार, पृथ्वी प एक हरजा बावीस (१०२२) योजन चौडा, सत्रहसौ इक्कीस (१७२१) योजन ऊँचा और चारसो सत्तावीस (४२७) योजन जमीनके अन्द जडवाला, मानुषोत्तर पर्वत है और उससे, पुष्करद्वीपके दो खण्ड हो गये हैं पुष्करद्वीपके पहिले अर्धभागमे जम्बूद्वीपसे दूनी अर्थात धातकी खण्ड बराब सब रचना है ।

(७) नरलोक (मनष्यक्षेत्र)

जम्बूद्वीप, धातकीखण्ड, पुष्करार्ध (पुष्करद्वीपका आधा भाग लवणसमुद्र और कालोदधिसमुद्र इतना क्षेत्र नरलोक कहलाता है ।

(८) दूसरे द्वीप तथा समुद्र

पुष्करद्वीपसे आगे परस्पर एक दूसरेसे घिरे हुए, दूने दूने विस्तारवाले मध्यलोकके अन्ततक द्वीप और समुद्र है ।

(९) कर्मभूमि और भोगभूमिकी व्याख्या

जहां असि, मसि, कृषि, सेवा, शिल्प, और वाणिज्य, इन छह कर्मोकी प्रवृत्ति हो, वे कर्मभूमियां है। जहांपर उनकी प्रवृत्ति न हो, वे भोगभूमियां कहलाती हैं ।

(१०) पन्द्रह कर्मभूमियाँ

पाँच मेरुसम्बन्धी पाँच भरत, पाँच ऐरावत और (देवकुरु उत्तरकुरुको छोडकर पाँच विदेह, इसप्रकार कुल प्रन्द्रह कर्मभूमियाँ हैं ।

(११) तीस भोगभूमियाँ

पाँच हैमवत और पाँच हैरण्यवत, ये दस क्षेत्र जघन्य भोगभूमियाँ है । पाँच हरि और पाँच रम्यक, ये दश क्षेत्र मध्यम भोगभूमियाँ है और पाँच देवकुरु और पाँच उत्तर कुरु, ये दस क्षेत्र उत्कृष्ट भोगभूमियाँ है ।

(१२) भोगभूमि और कर्मभूमि जैसी रचना

मनुष्यक्षेत्रसे वाहर के सभी द्वीपोंमे जघन्यभोगभूमि जैसी रचना है परन्तु स्वयभूरमणद्वीपके उत्तरार्धमे तथा समस्त स्वयभूरमण समुद्रमे और चारो कोनेकी पृथ्वियोमे कर्मभूमि जैसी रचना है। लवणसमुद्र और कालोदधिसमुद्रमे ९६ अन्तर्द्वीप हैं । वहाँ कुभोग भूमिकी रचना है और वहाँ पर मनुष्य ही रहते है। उन मनुष्योंकी आकृतियाँ अनेक प्रकारकी कुत्सित है।

स्वयभूरमणद्वीपके उत्तरार्धकी, स्वयभूरमणसमुद्रकी और चारो कोनोकी रचना कर्मभूमि जैसी कही जाती है, क्योकि कर्मभूमिमे और वहाँ विकलत्रय (दो इन्द्रियसे चार इन्द्रिय) जीव है, और भोग भूमिमे विकलत्रय जीव नहीं है । तिर्यक लोकमे पचेन्द्रिय तिर्यच रहते है किंतु जलचर तिर्यच लवणसमुद्र कालोदधिसमुद्र, और स्वयभूरमणसमुद्रको छोडकर अन्य समुद्रोमे नहीं हैं । स्वयभूरमण समुद्रके चारो ओर के कोनेके अतिरिक्त भागको तिर्यकलोक कहा जाता है ।

१३ सुमेरु पर्वत

जम्बूद्वीपके मध्य, पृथ्वीतलपर १० हजार योजन विस्तारवाला, १ हजार योजन गहरा और ९९ हजार योजन उत्सेध (ऊँचाई) का सुमेरु पर्वत है। निश्चय

चूलिका (चोटी) चालीस योजन की है । इसकी चोटीसे एक बाल मात्र अन्तरसे ऊर्ध्व लोक प्रारम्भ होता है ।

यह पर्वत तीर्थंकरोके जन्माभिषेकका आसनरूप माना जाता है । इसके शिखरपर पाण्डूकवनमे स्थित पाण्डूक आदि चार शिलाओपर भरत, ऐरावत तथा पूर्व व पश्चिम विदेहोके सर्व तीर्थंकरोका देव लोग जन्माभिषेक करते हैं ।

यह तीनो लोकोका मानदण्ड है तथा इसके मेरु, सुदर्शन, मंदर आदि अनेको नाम हैं ।

यह पर्वत गोल आकार वाला है ।

पृथिवीतलसे ५०० योजन ऊपर जानेपर नन्दनवन है ।

नन्दनवनसे ६२५०० योजन ऊपर जानेपर सौमनस वन है ।

सौमनस वनसे ३६००० योजन ऊपर जानेपर पाण्डुक वन है ।

इस पर्वतके शीश पर पाण्डुक वनके बीचोबीच ४० योजन ऊँची तथा १२ योजन मूल विस्तार युक्त चूलिका है ।

१६ द्वीपोमें कालवर्तन सम्बन्धी विशेषताएँ

असख्यात द्वीपोमे से, मध्यके अढाई द्वीपोमे भरत, ऐरावत आदि क्षेत्र व कुलाचल पर्वत आदि हैं। वहाँ सभी भरत व ऐरावत क्षेत्रोमे षट्काल वर्तन होता है।

हैमवत व हैरण्यवत क्षेत्रोमे जघन्य भोगभूमि, हरि व रम्यक क्षेत्रोमे मध्यम भोगभूमि तथा विदेह क्षेत्रके मध्य उत्तर व देवकुरुमे उत्तम भोग-भूमियोकी रचना है।

विदेहके ३२,३२ क्षेत्रोमे तथा सर्व विद्याधर श्रेणियोमे दुषमादुषमा नामक एक ही काल होता है।

भरत व ऐरावत क्षेत्रोमे एक-एक आर्य खण्ड और पाँच-पाँच म्लेच्छ-खण्ड है। वहाँ सर्व ही आर्य खण्डोमे तो षटकालवर्तन है, परन्तु सभी म्लेच्छ-खण्डोमे केवल एक दुषमा सुषमाकाल रहता है।

सभी अन्तर्द्वीपोमे कुभोगभूमि अर्थात् जघन्य भोगभूमिकी रचना है।

अढाई द्वीपोसे आगे नागेन्द्रपर्वत तकके असख्यात द्वीपमे एकमात्र जघन्य भोगभूमिकी रचना है।

नागेन्द्र पर्वतसे आगे अन्तिम स्वयम्भूरमण द्वीपमे एकमात्र दुखमा काल अवस्थित रहता है।

१७ ऊर्ध्वलोक

पृथ्वितलसे ७९० योजन की ऊँचाईसे प्रारभ करके ९०० योजन ऊँचाई तक के मध्यलोकमे (१) सूर्य, (२) चन्द्रमा, (३) ग्रह, (४) नक्षत्र और (५) प्रकीर्णक रहते है।

सुमेरु पर्वतकी चोटी से एक वाल मात्र अन्तरसे उर्ध्वलोक ारम्भ होकर लोक-शिखर पर्यन्त एक लाख चालीस योजनकम सात राजू प्रमाणऊर्ध्वलोक है।

स्वर्गलोकमे ऊपर ऊपर स्वर्ग पटल स्थित है। इन पटलोमेदो विभाग हैं – कल्प व कल्पातीत। इन्द्र सामानिक आदि १० कल्पनाओ युक्त देवकल्प वासी हैं और इन कल्पनाओसे रहित अहमिन्द्र कल्पवतीतमिानवासी है।

आठ युगलो, रूपसे अवस्थित कल्प पटल १६ है – सौधर्म, ईशान, सनत्कुमार माहेन्द्र, ब्रह्म, ब्रह्मोत्तर, लान्तव, कापिष्ठ शुक्र, महाशुक्र, शतार सहस्त्रार, अनात, प्राणत, आरण, और अच्युत।

इनसे ऊपर ग्रैवेयेक, अनुदिश व अनुत्तर ये तीन पटल कल्पातीत है।

प्रत्येक पटल लाखो योजनोंके अन्तरालसे ऊपर-ऊपर अवस्थित है। प्रत्येक पटलमें असख्यात योजनोंके अन्तरालसे अन्य क्षुद्र पटल हैं। सर्वपटल मिलकर ६३ है। प्रत्येक पटलमे विमान है। ये विमान इन्द्रक, श्रेणिवद्ध व प्रकीर्णकके भेदसे तीन प्रकारोमे विभक्त है।

प्रत्येक क्षुद्र पटलमे एक-एक इन्द्रक है और अनेको श्रेणीवद्ध व प्रकीर्णक हैं। प्रथम महापटलमें ३३ और अन्तिममे केवल एक सर्वार्थसिद्धि नामका इन्द्रक है।

सर्वार्थसिद्धि विमानके ध्वजदण्डसे २१ योजन ४२५ धनुप ऊपर जाकर सिद्धलोक है। जहाँ मुक्तजीव अवस्थित हैं। तथा इसके आगे लोकका अन्त हो जाता है।

१८. लोक :

१ लोकका लक्षण :

आकाशके जितने भाग मे जीव पुद्‌गल आदि षट् द्रव्य देखे जायें सो लोक है और उसके चारो तरफ शेष अनन्त आकाश अलोक है, ऐसा लोकका निरुक्ति अर्थ है । अथवा षट् द्रव्योका समवाय लोक है ।

जन्म-जरामरणरूप यह ससार भी लोक कहलाता है ।

जहाँ पुण्य व पापका फल जो सुख-दुख वह देखा जाता है सो लोक है इस व्युत्पत्तिके अनुसार लोकका अर्थ आत्मा होता है । जो पदार्थोंको देखे व जाने सो लोक इस व्युत्पत्तिसे भी लोकका अर्थ आत्मा है । आत्मा स्वय अपने स्वरूपका लोकन करता है अत लोक है । सर्वज्ञ के द्वारा अनन्त व अप्रतिहत केवलदर्शन से जो देखा जाये सो लोक है, इस प्रकार धर्म आदि द्रव्योंका भी लोकपना सिद्ध है ।

२. लोकका आकार :

उपरोक्त से अधोलोकका आकार स्वभावसे वेत्रासनके सदृश है, और मध्यलोकका आकार खडे किये हुए आधे मृदगके ऊर्ध्वभागके समान है । ऊर्ध्वलोकका आकार खड़े किये हुए मृदगके सदृश है । यह लोक ताल-वृक्षके आकारवाला है ।

३. लोकका विस्तार :

(१) दक्षिण और उत्तर भाग मे लोकका आयाम जगश्रेणी प्रमाण अर्थात सात राजू है । पूर्व और पश्चिम भाग मे भूमि और मुखका व्यास क्रमसे सात, एक, पांच और एक राजू है । तात्पर्य यह है कि लोककी मोटाई सर्वत्र सात राजू है, और विस्तार क्रमसे लोकके नीचे सात राजू, मध्य लोकमे एक राजू, ब्रह्म स्वर्गपर पांच राजू और लोकके अन्तमें एक राजू है ।

(२) सपूर्ण लोककी ऊँचाई १४ राजू प्रमाण है । अर्धमृदग सदृश अधो-

लोक जैसे सात राजू ऊँचा है उसी प्रकार ही पूर्ण मृदगके सदृश ऊर्ध्वलोक भी सात ही राजू ऊँचा है । क्रमसे अधोलोककी ऊँचाई सात राजू, मध्यलोककी ऊँचाई १,००,००० योजन, और ऊर्ध्व-लोककी ऊँचाई एक लाख योजन कम सात राजू है ।

(३) तीनो लोकोमेसे अर्धमृदगाकार अधोलोकमे रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा वालुप्रभा, पकप्रभा, धूमप्रभा, तम प्रभा और महातमप्रभा, ये सात पृथिवियाँ एक राजूके अन्तरालसे है । घर्मा, वशा, मेघा, अजना अरिष्टा, मघवी और माघवी ये इन उपर्युक्त पृथिवियोंके अपर-नाम है । मध्यलोकके अधोभागसे प्रारभ होकर पहला राजू शर्करा-प्रभा पृथिवीके अधोभागमे, समाप्त होता है । इसके आगे दूसरा राजू प्रारम्भ होकर वालुका प्रभाके अधोभागमें समाप्त होता है । तथा तीसरा राजू पकप्रभाके अधोभागमे, चौथा धुमप्रभाके अधोभागमें, पाँचवां तम प्रभाके 'अधोभागमे और छठा राजू महातम प्रभाके अन्तमे समाप्त होता है । इससे आगे सातवां राजू लोकके तलभागमे समाप्त होताहै ।

(४) रत्नप्रभा पृथिवीके तीन भागोमे से खरभाग १६००० योजन पकभागमे ८४००० योज़न और अब्बुहुल भाग ८०,००० योजन मोटे है । लोकमे मेरुके तलभागसे उसकी चोटी पर्यन्त १००,००० योजन। ऊँचा व १ राजू प्रमाण विस्तार युक्त मध्यलोक है । इतनाही तिर्यक् लोक है ।

(५) मनुष्यलोक चित्रा पृथवीके ऊपरसे मेरुकी चोटी तक ९९,००० योजन विस्तार तथा अढाई द्वीप प्रमाण ४५,००,००० योजन विस्तार युक्त है । चित्रा पृथिवीके नीचे खर व पक भागमे १,००,००० योजन तथा चित्रा पृथिवीके ऊपर मेरुकी चोटी तक ९९,००० योजन ऊँचा और एक राजू प्रमाण विस्तार युक्त भावनलोक है । चित्रा पृथिवीसे ७९० योजन ऊपर

जाकर ११० योजन वाहल्य व १ राजू युक्त ज्योतिष लोक है।

(६) मध्यलोकके ऊपरी भागसे सौधर्म विमानका ध्वजदण्ड १,००,००० योजन कम $1\frac{1}{2}$ राजू प्रमाण ऊँचा है। इसके आगे $1\frac{1}{2}$ राजू माहेन्द्र व सनत्कुमार स्वर्गके ऊपरी भागमे, $\frac{1}{2}$ राजू ब्रह्मोत्तरके ऊपरी भागमे, $\frac{1}{2}$ राजू महाशुक्रके ऊपरी भागमे, $\frac{1}{2}$ राजू सहस्रारके ऊपरी भागमे, $\frac{1}{2}$ राजू आनतके ऊपरी भागमे और $\frac{1}{2}$ राजू आरण अच्युतके ऊपरी भागमे समाप्त हो जाता है। उसके ऊपर एक राजूकी ऊँचाईमे नवग्रैवेयक, नव अनुदिशा, और ५ अनुत्तर विमान है। इस प्रकार अर्ध्वलोकमे ७ राजूका विभाग कहा गया है।

(७) अपने-अपने अन्तिम इन्द्रक विमान सम्बन्धी ध्वजदण्डके अग्रभाग तक उन-उन स्वर्गोका अन्त है और कल्पातीत भूमिका जो अन्त है वही लोकका भी अन्त है। लोक शिखरके नीचे ४२५ धनुष और २१ योजन मात्र जाकर अन्तिम सर्वार्थसिद्धि इद्रक स्थित है। सर्वार्थसिद्धि इद्रकके ध्वजदण्डसे १२ योजन मात्र उपर जाकर अष्टम पृथिवी है। वह ८ योजन मोटी व एक राजू प्रमाण विस्तृत है। उसके मध्य ईषत् प्राग्भार क्षेत्र है। वह ४५,००,००० योजन विस्तार युक्त है। मध्यमे ८ योजन और सिरोपर केवल अगुलप्रमाण मोटा है। इस अष्टम पृथिवीके ऊपर ७०५० धनुष जाकर सिद्धलोक है।

तीन लोक की रचना
अ . लो का का श

॥ श्री ॥

कुछ अभ्यास की पंक्तियाँ

अष्टम् प्रकरण 8TH CHAPTER

क्षेत्र और कालप्रमाण

क्षेत्रप्रमाण Length-wise Measures,

पुद्गल द्रव्यके उस सूक्ष्मातिसूक्ष्म भागको परमाणु कहते हैं, जिसका पुन विभाग न हो सके, जो इन्द्रियो द्वारा ग्राह्य नही और जो अप्रदेशी तथा अत, आदि व मध्य रहित है।

एक अविभागी परमाणु जितने आकाशको रोकता है, उतने आकाशको एक क्षेत्रप्रदेश कहते हैं।

(१) अनन्तानन्त अविभागी परमाणुओका : १ अवसन्नासन्न स्कध।

(२) ८ (आठ) अवसन्नासन्न स्कधका १ सन्नासन्न स्कध

(३) ८ (आठ) सन्नासन्न स्कंधका १ तृटरेणु

(४) ८ (आठ) तृटरेणुका १ त्रसरेणु

(५) ८ (आठ) त्रसरेणुका १ रथरेणु

(६) ८ (आठ) रथरेणुका : १ उत्तम भोगभूमि बालाग्र

(७) ८ (आठ) उत्तम भोगभूमि वालाग्रका : १ मध्यमभोग भूमि बालाग्र

(८) ८ (आठ) मध्यम भोगभूमि वालाग्रका १ जघन्य भोगभूमि बालाग्र

(९) ८ (आठ) जघन्य भोगभूमि बालाग्रका १ कर्मभूमि बालाग्र

(१०) ८ (आठ) कर्मभमि वालाग्रका . १ लिक्षा

(११) ८ (आठ) लिक्षाका : १ जू

(१२) ८ (आठ) जूका : १ यव

(१३) ८ (आठ) यवका : १ अगुल (उत्सेधांगुल)

नोट – अगुल तीन प्रकारके लिये गये है .–

(१) उत्सेधागुल, (२) आत्मागुल और (३) प्रमाणागुल ।

उत्सेधागुल, वर्तमान कालके एक धनुषकी, मनुष्योंकी ऊँचाई के अनुसार लिया गया है ।

आत्मागुल, समय समय के भरत और ऐरावत क्षेत्रोकी ऊँचाई के अनुसार लिये गये है ।

प्रमाणागुल, अवसर्पिणी कालके प्रथम चक्रवर्तीकी ५०० धनुष की ऊँचाई के अनुसार लिया गया है ।

(१४) ६ (छह) अगुलका १ पाद

(१५) २ (दो) पाद (१२अगुल) का : १ विहस्ति (वलिस्त)

(१६) २ (दो) विहस्तिका १ हाथ

(१७) २ (दो) हाथका १ किष्कु, गज, ईषु

(१८) २ (दो) किष्कु, गजका · १ दड, युग, धनु, मुसल या नाली

(१९) २००० (दो हजार) दड, युग, धनुका १ कोस

(२०) ४ (चार) कोसका १ योजन

उत्सेधांगुल पर आधारित प्रमाणागुल (५०० उत्सेधागुल = १ प्रमाणागुल)

(१) २ (दो) हाथ १ गज

(२) २ (दो) गज : १ दण्ड

(३) २००० (दो हजार) दण्ड १ कोस

(४) ४ (चार) कोस : १ योजन

(५) ४००० (चार हजार) गज १ कोस

(६) १६००० (सोलह हजार) गज १ योजन (मानव योजन अथवा व्यवहार योजन)

(७) (१६०००×५००) = ८०००००० गज · १ प्रमाण ोजन

(८) १७६० गज १ माइल

(९) ९ ०९०९ माईल : १ मानव योजन

(१०) ४५४५ ४५ माईल १ प्रमाण योजन

तीन लोकका प्रमाण लम्बाई, चौडाई, ऊँचाई और फैलाव आदि राजूद्वारा प्रदर्शित होनेसे एक राजूका प्रमाण

According to Colebrook, the distance which a Deva flies in Six months at the rate of 20,57,152 yojans in one क्षण i e. instant of time (refer Der Jainism by Von Glassnappin).

तद्नुसार :

(१) महिने x दिन x घटे x मिनिट = मिनिट

६ x ३० x २४ x ६० = २,५९,२००

(२) मिनिट x प्रतिविपलाश (क्षण) = क्षण

२,५९,२०० x ५,४०,००० = १,३९,९६,८०,००,०००

(३) १ योजन ४,५४५ ४५ माइल

(४) योजन x माईल = माइल चाल प्रतिक्षण

२०,५७,१५२ x ४,५४५ ४५ = ९,३५,०६,८१,५५८ ४०

(५) क्षण x माइल

१,३९,९६,८०,००,००० x ९,३५,०६,८१,५५८.४० = १ राजू

माइल

१,३०,८७,९६,१९,६३,६६,१३,१२,००,००० = १ राजू

२ काल प्रमाण Time-wise Measures:

समय – एक परमाणुको मदगतिसे एक आकाशप्रदेशसे दूसरे आकाशप्रदेश जानेके लिये जो काल लगता है, वह समय कहलाता है ।

समयका परिमाण – समय कालका सबसे छोटा, अविभागी परिमाण हैं । असख्यात (अर्थात जघन्य युक्तासख्यात प्रमाण) समयोंकी एक आवली होती है ।

(१) सख्यात आवली $\frac{२८८०}{३७७३}$ सैकेण्ड : १ उच्छ्वास या प्राण

(२) ७ (सात) उच्छ्वास ५ $\frac{१२९५}{३७७३}$ सैकेण्ड १ स्तोक

(३) ७ (सात) स्तोक : ३७ $\frac{१५१९}{३७७३}$ सैकेण्ड लव

(४) ३८½ (साढे अडतीस) लव १४४० सैकेण्ड २४ मिनिट
१ नाली (घडी)

(५) २ (दो) नाली (घडी) ४८ मिनिट १ मुहूर्त

नोट: (१) एक सामान्य स्वस्थ प्राणीके (मनुष्यके), एक बार श्वास लेने और निकालनेमे, जितना समय लगता है, उसे उच्छ्वास कहते हैं।

(२) एक मुहूर्तमे इन उच्छ्वासोकी सख्या ३७७३ है, जो उपर्युक्त प्रमाणानुसार इस प्रकार है –

२ x ३८½ x ७ x ७ = ३७७३

(३) उपरोक्त गणना के अनुसार मनुष्य के एक मिनिटमे ७८ ६ उच्छ्वास होते हैं, ज्यो कि आधुनिक मान्यता के अनुसार है।

दूसरे प्रकारसे कालप्रमाण

(१) असख्यात समय १ निमेष

(२) १५ निमेष १ काष्ठा (२ सैकेण्ड)

(३) ३० काष्ठा १ कला (६० सैकेण्ड) (१ मिनिट)

(४) १ सैकेण्ड ९,००० प्रतिविपलाश

(५) १ मिनिट ५,४०,००० प्रतिविपलाश

(६) ६० मिनिट १ घटा

(७) २४ घटे १ दिन-रात (अहोरात्र)

(८) १५ दिनरात (अहोरात्रि) १ पक्ष

(९) २ पक्ष : १ मास

(१०) २ मास : १ ऋतू

(११) ३ ऋतू १ अयन

(१२) २ अयन १ वर्ष (सवत्सर)

(१३) ५ वर्ष १ युग

(१४) ८४ लाख वर्ष १ पूर्वांग

(१५) ८४ लाख पूर्वांग · १ पूर्व

(१६) ८४ पूर्व · १ पर्वांग

(१७) ८४ लाख पर्वांग · १ पर्व

अन्य प्रकार से कालप्रमाण ·

(१) असंख्यात समय · १ निमेष

(२) १५ निमेष १ काष्टा (२ सैकण्ड)

(३) ३० काष्ठा १ कला (६० सैकण्ड) (१ मिनिट)

---

(४) ६० प्रतिविपलाश · १ प्रतिविपल

(५) ६० प्रतिविपल ; १ विपल

(६) ६० विपल १ पल (२४ सैकण्ड)

(७) ६० पल १ घडी (२४ मिनिट)

नोट :–

६० प्रतिविपलाश X ६० प्रतिविपल X ६० विपल बराबर २,१६,००० प्रतिविपलाश बराबर २४ सैकण्ड १ सैकण्ड बराबर ९००० प्रतिविपलाश

(८) १ मिनिट	५,४०,००० प्रतिविपलांश
(९) ६० मिनिट	१ घंटा
(१०) २४ घंटे	१ दिन-रात (१ अहोरात्रि)
(११) १५ दिनरात (अहोरात्रि)	१ पक्ष
(१२) २ पक्ष	१ मास
(१३) २ मास	१ ऋतु
(१४) ३ ऋतु	१ अयन
(१५) २ अयन	१ वर्ष (सवत्सर)
(१६) ५ वर्ष	१ युग
(१७) ८४ लाख वर्ष	१ पूर्वांग

पूर्वांग आदि – पूर्वांग से अचलप्र (अचलात्म), इस श्रेणी में ३१ सख्यायें है, प्रत्येक ८४ लाख की है। ८४ को इकतीस वार परस्पर गुणा करनेसे अचलप्रकी वर्षोंका प्रमाण आता है, जो नब्बे शून्याकोका होता हैं।

३ व्यवहार पल्य

एक प्रमाण योजन (अर्थात दो हजार कोस) लम्बा चौडा और गहरा कुड बनाकर उसे उत्तम भोगभूमिके सात दिनके भीतर उत्पन्न हुए मेढ़ेके रोमाग्रो (जिनके और खड कैंचीसे न हो सके) से भर दें, और उनमेसे एक एक रोमखडको सौ सौ वर्षमे निकालें। इस प्रकार उन समस्त रोमोको निकालनेमे जितना काल व्यतीत होगा, वह व्यवहारपल्य हैं।

इस व्यवहारपल्यको असख्यात कोटि वर्षों के समयोसे गुणित करनेपर उद्धारपल्यका प्रमाण आता है, जिससे द्वीप-समुद्रोकी गणना की जाती हैं। इस उद्धारपल्यको असख्यात कोटि वर्षोंके समयोसे गुणित करनेपर अद्धापल्यका प्रमाण आता है। कर्म, भव, आयु और काय, इनकी स्थितिके प्रमाणमे इसी अद्धापल्यका उपयोग होता है। जीवद्रव्यकी

प्रमाण-प्ररूपणामे, भी यथावश्यक इसी पल्योपमका उपयोग किया गया है ।

४. कल्पकाल :

एक करोडको, एक करोडसे गुणा करने पर जो लब्ध आता है उसे कोडाकोडी कहते है ।

दस कोडाकोडी, अद्धापल्योपमोका एक अद्धासागरोपम और दस कोडाकोडी, अद्धासागरोपमोकी एक उत्सर्पिणी और इतने ही कालकी एक अवसर्पिणी होती है । इन दोनोको मिलाकर एक कल्पकाल होता है ।

एक उत्सर्पिणी या एक अवसर्पिणी छह काल – सुषमा सुषमा, सुषमा, सुषमा दुषमा, दुषमा सुषमा, दुषमा, दुषमा दुषमा ।

अवसर्पिणी कालके भेद:

सुषमा सुषमा काल	४ कोडा कोडी, अद्धासागर
सुषमाकाल	३ कोडा कोडी, अद्धासागर
सुषमा दुषमा काल	२ कोडा कोड़ी, अद्धासागर
दुषमा सुषमा काल	१ कोडाकोडी, अद्धासागर ४२००० वर्ष कमका
दुषमाकाल	२१००० वर्ष
दुषमा दुषमा काल	२१००० वर्ष

卐

॥ श्री ॥

कुछ अभ्यास की पंक्तियाँ

नवम् प्रकरण . 9TH CHAPTER

बीजाक्षर और मङ्गलमन्त्र णमोकार

१ कुछ पूजामें (पूजनमें) बोले जानेवाले मन्त्रोंके (बीजाक्षरोंके) विषयमें

अ असामान्य पूजा-पाठमें आनेंवाले मन्त्र बीजाक्षर

(१) सवौषट् आमन्त्रणवाचक ।

(२) वषट् आव्हानवाचक ।

(३) स्वाहा शातिवाचक, हवनवाचक ।

(४) ओ (ओम्, ॐ) पचपरमेष्ठी वाचक । आत्मवाचक, सुखवाचक, सारतत्त्व ।

(५) ह्री (ह्रीम्) कल्याणवाचक ।

(६) श्री (श्रीम्) कीर्तिवाचक ।

(७) क्षी (क्षीम्) शातिवाचक ।

ब पर्व, नैमित्तिक और तीर्थंकर पूजा-पाठमें आनेवाले बीजाक्षर :

(१) मनके साथ जिन ध्वनियोंका घर्षण होनेसे जो दिव्य ज्योति प्रकट होती है, उन ध्वनियोंके समुदाय को मन्त्र कहा जाता है ।

(२) मन्त्र और विज्ञान दोनोंमे अन्तर है, क्योंकि विज्ञानका प्रयोग जहा भी किया जाता है, फल एक ही होता है । परन्तु मन्त्रमे यह बात नही है, उसकी सफलता साधक और साध्यके ऊपर निर्भर है ।

(३) ध्यानके अस्थिर होने से भी मन्त्र असफल हो जाता है । मन्त्र तभी सफल होता है, जब श्रद्धा, इच्छा और दृढ सकल्प ये तीनो ही यथावत् कार्य करते हो ।

(४) मनोविज्ञानका सिद्धान्त है कि मनुष्यकी अवचेतनामे वहुत-सी आध्यात्मिक शक्तियाँ भरी रहती है । इन्ही शक्तियोको मन्त्र-द्वारा प्रयोगमे लाया जाता है । मन्त्रकी ध्वनियोंके सघर्षद्वारा आध्यात्मिक शक्तिको उत्तेजित किया जाता है ।

(५) इस कार्य मे अकेली विचार शक्ति ही काम नही करती हैं, इसकी सहायता के लिए उत्कट इच्छा - शक्तिके द्वारा ध्वनिसचालनकी भी आवश्यकता है ।

(६) मन्त्र-शक्तिके प्रयोगकी सफलताके लिए मानसिक योग्यता प्राप्त करनी पडती है, जिसके लिए नैष्ठिक आचारकी आवश्यक्ता है ।

(७) मन्त्रनिर्माण के लिए ओ ह्रा ह्री हू ह्रौं ह्व हा ह स क्ली क्लूं द्रा द्रीं द्रू द्र, श्री क्षी क्ष्वी क्ली हुं अ फट् वषट् सवौषट, घे घै य ठ ख ह ल्वर्यं प व य क्ष त थ द आदि बीजाक्षरोकी आवश्यकता होती है । साधारण व्यक्तिको ये बीजाक्षर निरर्थक प्रतीत होते है, किन्तु हैं ये सार्थक और इनमे ऐसी शक्ति अन्तर्निहित

रहती है, जिसमे आत्मशक्ति या देवताओको उत्तेजित किया जा सकता है। अत ये बीजाक्षर अन्त करण और वृत्तिकी शुद्ध प्रेरणाके व्यक्त शब्द हैं, जिनसे आत्मिक शक्तिका विकास किया जा सकता है।

(८) इन बीजाक्षरोकी उत्पत्ति प्रधानत णमोकारमन्त्रसे ही हुई है क्योकि मातृ का ध्वनियाँ इसी मन्त्रसे उद्भूत हैं। इन सबमे प्रधान 'ओ' बीज है, यह आत्मवाचक मूलभूत है। इसे तेजोविज कामबीज और भवबीज माना गया। पचपरमेष्ठि वाचक होनेसे ओको समस्त मन्त्रोका सारतत्त्व बताया गया है। इसे प्रणववाचक भी कहा जाता है। श्रीको कीर्तिवाचक, ह्रीको कल्याणवाचक, क्षीको शान्तिवाचक, हंको मगलवाचक, ॐ को सुख वाचक, क्ष्वीको योगवाचक, ह्र को विद्वेष और रोषवाचक, प्रो प्रीको स्तम्भनवाचक और क्लीको लक्ष्मीप्राप्तिवाचक कहा गया है। सभी तीर्थंकरोके नामाक्षरोको मगलवाचक एव यक्ष-यक्षिणियोके नामोको कीर्ति और प्रीतिवाचक कहा गया है।

२ **बीजाक्षरोका वर्णन :**

१ ओ—प्रणव, ध्रुव, ब्रह्मबीज या तेजोबीज है।
२ ऐं—वाग्भव बीज,
३ लृ—कामबीज,
४ क्री—शक्तिबीज,
५ ह-स — विषापहार बीज, ह — स — विषापहार बीज
६ क्षी—पृथ्वी बीज,
७ स्वा—वायुबीज,
८ हा — आकाशबीज,
९ ह्रा — मायाबीज या त्रैलोक्यनाथ बीज,
१० क्रो — अकुशबीज,

११. जं – पाशबीज,

१२ फट् – विसर्जनात्मक या चालन – दूरकरणार्थक,

१३ वौषट् – पूजाग्रहण या आकर्षणार्थक.

१४ सवौषट् – आमन्त्रणार्थक,

१५ ब्लूं – द्रावणबीज,

१६ क्लीं – आकर्षणबीज,

१७ ग्लौं – स्तम्भन बीज,

१८ ह्रो – महाशक्तिवाचक,

१९ वषट् – आव्हानन वाचक्,

२० र — ज्वलनवाचक,

२१ क्ष्वी – विषापहारबीज,

२२ ठ – चन्द्रबीज,

२३ घे घै – ग्रहणबीज,

२४ द्र – विद्वेषणार्थक, रोषबीज,

२५ स्वाहा – शान्ति और हवनवाचक,

२६ स्वधा – पौष्टिक वाचक,

२७ नम – शोधनबीज,

२८ ह – गणनबीज,

२९ ह – ज्ञानबीज,

३० य – विसर्जन या उच्चारण वाचक,

३१ नु – विद्वेपणबीज,

३२ झ्वी – अमृतबीज,

३३ क्ष्वी – भोगबीज,

३४ हूं – दण्डबीज,

३५ ख – स्वादनबीज,

३६ झ्रौं – महाशक्तिबीज,

३७ ह् – ल्व्यं – पिण्डवीज,

३८ क्ष्वी – हं – मगल और सुखवीज,

३९ श्री – कीर्तिवीज या कल्याणवीज,

४० क्ली– धनबीज या कुवेरबीज, तीर्थंकरके नामाक्षर शान्तिवीज,

४१ ह्रौ – ऋद्धि और सिद्धिवीज,

४२ ह्रां–ह्रीं–ह्रं, ह्रौं, ह्र – सर्वशान्ति, मागल्य, कल्याण विघ्नविनाशक, सिद्धिदायक,

४३ अ – आकावशवीज या धान्यवीज,

४४ आ – सुखवीज या तेजोवीज,

४५ ई – गुणबीज या तेजोवीज या वायुवीज,

४६ क्षा–क्षी–क्षू–क्षें–क्षैं–क्षो–क्षौं–क्ष – सर्वकल्याण, या सर्वशुद्धिवीज,

४७ व – द्रवणवीज,

४८ य – मगलवीज,

४९ स – शोधनवीज,

५० य – रक्षावीज,

५१ झ – शक्तिवीज और

५२ त–थ–द– कालुष्यनाशक, मगलवर्धक और सुखकारक ।

३ बीजाक्षरोकी उत्पत्ति

इन समस्त वीजाक्षरोकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्र तथा इस मन्त्रमे प्रतिपादित पचपरमेष्ठीके नामाक्षर, तीर्थंकर और यक्ष-यक्षिणियोके नामाक्षरोपर–से हुई है ।

४ मन्त्र के अग

मन्त्रके तीन अग होते हैं, रूप, वीज और फल । जितने भी प्रकारके मन्त्र हैं, उनमे वीजरूप यह णमोकार मन्त्र या इससे निष्पन्न कोई सूक्ष्मतत्व रहता है ।

५ ध्वनिसमूहका मूलश्रोत

जितने सूक्ष्म वीजाक्षर अन्य मन्त्रोमे निहित किये जाते है, उन मन्त्रोकी उतनी ही शक्ति वढती जाती है । अन्तिम ध्वनिसमूहका मूलश्रोत णमोकार मन्त्र है ।

६. सिद्धो वर्ण समाम्नाय· नियम

'सिद्धो वर्णसमाम्नाय' नियम वतलाता है कि वर्णोका समूह अनादि है । णमोकार मन्त्रमे कण्ठ, तालु, मूर्धन्य, अन्तस्थ, ऊष्म, उपध्मानीय, वर्त्स्य आदि सभी ध्वनियोंके वीज विद्यमान है । वीजाक्षर मन्त्रोके प्राण हैं । ये वीजाक्षर ही स्वय इस वातको प्रकट करते है कि इनकी उत्पत्ति कहीसे हुई है ।

७ वीजकोश

वीजकोशमे वताया गया है कि ॐ वीज समस्त णमोकार मन्त्रसे, ह्रींकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथम पदसे, श्रींकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके द्वितीयपदसे, क्षी और क्ष्वीकी उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथम, द्वितीय, और तृतीय पदोसे, क्लीकी उत्पत्ति प्रथमपदमे प्रतिपादित तीर्थंकरोकी यक्षिणियोंसे, अत्यन्त शक्तिशाली सकल मन्त्रोमे व्याप्त 'ह्रँ' की उत्पत्ति णमोकार मन्त्रके प्रथम पदसे, द्रा-द्रीकी उत्पत्ति उक्त मन्त्रके चतुर्थ और पचमपदसे हुई है । ह्रा ह्री ह्रौ ह्रँ ह्र ये वीजाक्षर प्रथम पदसे, क्षा क्षी क्षू क्षें क्षैं क्षौं क्ष वीजाक्षर प्रथम, द्वितीय और पचमपदसे निष्पन्न हैं । णमोकार मन्त्रकल्प, भक्तामर, यन्त्र-मन्त्र, कल्याणमन्दिर यन्त्र-मन्त्र, यन्त्र-मन्त्र संग्रह, पद्मावती मन्त्र कल्प आदि मान्त्रिक ग्रन्थोंके अवलोकनसे पत्ता लगता है कि समस्त मन्त्रोंके रूप, वीज पल्लव इसी महामन्त्रसे निकले हैं । ज्ञानार्णवमे षोडशाक्षर, षडक्षर, चतुरक्षर, द्व्यक्षर, एकाक्षर, पचाक्षर, त्रयोदशाक्षर, सप्ताक्षर, अक्षरपक्ति इत्यादि नाना प्रकारके मन्त्रोकी उत्पत्ति इसी महामन्त्रसे मानी है ।

८ षोडशाक्षरी महाविद्या पचपदो और पंचगुरुओंके नामोसे उत्पन्न हुई है' इसका ध्यान करनेसे सभी प्रकारके अभ्युदयोकी प्राप्ति होती है । यह सोलह अक्षरका

मन्त्र यह है " अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नम । " ज्यो व्यक्ति एकाग्र मन होकर इस सोलह अक्षर के मन्त्रका ध्यान करता है, उसे चतुर्थ तप – एक उपवासका फल प्राप्त होता है ।

१ एकाक्षरी मन्त्र – ॐ ओ, ओम्, अ, सि । जो जीव (प्राणी) मन, वचन और काय द्वारा इनमेके कोई भी एक वर्णका चितवन करे तो कर्मोकी निर्जरा-रूप फलको प्राप्त होता है ।

२ द्वयाक्षरी मन्त्र – ॐ ह्रीं । सिद्ध । अ सि ।

यह मन्त्र दो अक्षरोका युग्म है। श्रुतस्कन्ध (द्वादशाग शास्त्र) का सारभूत है, मोक्षको देनेवाला है, ससारसे उत्पन्न हुए समस्त क्लेशोको नाश करनेमे समर्थ है ।

४ चतुराक्षरी मन्त्र – अरिहत । अ सि साहू ।

यह चार अक्षरोका मन्त्र है । धर्म, अर्थ, काम और मोक्षरूप फलको देनेवाला है ।

५ पंचाक्षरी मंत्र – अ सि आ उ सा । णमो सिद्धाणं ।

यह मन्त्र कर्मकलकोके समूहरूप अधकारका विध्वसन करनेको सूर्यके समान है, पवित्र है और पुण्यशासन है।

६ षडाक्षरी मंत्र – अरिहतसिद्ध। अरिहत सि सा। ॐ नम सिद्धेभ्य । नमोर्हत्सिदेभ्य ।

यह मन्त्र पुण्यको उत्पन्न करनेवाला तथा पुण्यसे शोभित है ।

७ सप्ताक्षरी मन्त्र – ॐ ह्रीं श्री अह नम ।

यह मन्त्र सकल ज्ञानके साम्राज्य (केवलज्ञान) के देखनेमे प्रवीण है और जगत्त्रयके नाथोके चूडारत्न समान है तथा कृपाका स्थान है ।

१३ त्रयोदशाक्षरी मन्त्र – ॐ अर्हंत सिद्ध सयोगकेवलीस्वाहा ।

यह मन्त्र अतिशयरूप मोक्ष प्राप्तिके लिए सीढियो के समान है ।

१६ षोडशाक्षरी मन्त्र – अरिहत–सिद्ध–आइरिय–उवज्झाय–साहू अथवा अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्यो नम. ।

यह मन्त्र पञ्च पदो और पच परमगुरुके नामोसे उत्पन्न है । और पच परमेष्ठी रूप है । सिद्धपद पाने मे सहायक है ।

९ णमोकार मंत्र

णमो अरिहताण णमो सिद्धाण णमो आइरियाणं ।
णमो उवज्झायाण णमो लोए सव्व - साहूण ॥

यह णमोकार मन्त्र, जिसमे पचपरमेष्ठीको नमस्कार किया गया है, सभी प्रकारके पापोको नष्ट करनेवाला है ।

इस महामन्त्रके गुण अचिन्त्य हैं । इसमे इस प्रकारकी विद्युत् शक्ति वर्तमान है, जिससे इसके उच्चारणमात्रसे पाप और अशुभका विध्वस हो जाता है तथा परम विभूति और कल्याणकी प्राप्ति होती है । इसकी अचिन्त्य महिमाका वर्णन निम्नोक्त है –

मन्त्र ससारसार त्रिजगदनुपम सर्वपापारिमन्त्र
ससारोच्छेदमन्त्र विपमविषहर कर्मनिर्मूलमन्त्रम् ।
मन्त्र सिद्धिप्रदान शिवसुखजनन केवलज्ञानमन्त्र
मन्त्र श्रीजैनमन्त्र जप जप जपित जन्मनिर्वाणमन्त्रम् ॥१॥

आकृष्टि सुरसम्पदा विदधते मुक्तिश्रियो वश्यता
उच्चाट विपदा चतुर्गतिभुवा विद्वेषमात्मैनसाम् –
स्तम्भ दुर्गमन प्रति प्रयततो मोहस्य सम्मोहन
पायात्पञ्चनमस्क्रियाक्षरमयी साराधना देवता ॥२॥

अपवित्र पवित्रो वा सुस्थितो दु स्थितोऽपि वा ।
ध्यायेत् पञ्चनमस्कर सर्वपापै प्रमुच्यते ॥३॥

अपवित्र पवित्रो वा सर्वावस्था गतोऽपि वा ।
य स्मरेत्परमात्मान स वाह्याभ्यन्तरे शुचि ॥४॥

अपराजितमन्त्रोऽयं सर्वविघ्नविनाशन ।
मङ्गलेपु च सर्वेपु प्रथम मङ्गल मत ॥५॥

विघ्नौघा प्रलय यान्ति शाकिनीभूतपन्नगा ।
विष निर्विपता याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ॥६॥

अन्यथा शरण नास्ति त्वमेव शरण मम ।
तस्मात्कारुण्यभावेन रक्ष रक्ष जिनेश्वर ॥७॥

यह महामन्त्र ससारका सार है। जन्म-मरणरूप ससारसे छूटनेका सुकर अवलम्वन और सारतत्त्व है, तीनो लोकोमे अनुपम है – इस मन्त्रके समान चमत्कारी और प्रभावशाली अन्य कोई मन्त्र नही है, अत यह तीनो लोकोमे अद्भूत है, समस्त पापोका अरि है ।

यह मन्त्र सभी प्रकारकी सिद्धियोको देनेवाला है । यह मन्त्र केवल ज्ञानमन्त्र कहलाता है अर्थात इसके जपसे केवलज्ञानकी प्राप्ति होती है, तथा यही मन्त्र निर्वाण सुखका देनेवाला भी है ।

पवित्र या अपवित्र अथवा सोते, जागते, चलते, फिरते, किसी भी अवस्थामे इस णमोकार मन्त्रका स्मरण करनेसे आत्मा सर्व पापोसे मुक्त हो जाती है ।

इसका स्मरण किसी भी अवस्थामे किया जा सकता है । यह णमोकार मन्त्र अपराजित है, अन्य किसी मन्त्र-द्वारा इसकी शक्ति प्रतिहत – अवरुद्ध नही की जा सकती है, इसमे अद्भूत सामर्थ्य निहित है ।

यह मन्त्र सम्पत्ति प्राप्त करनेका एक प्रधान साधन है, तथा सम्यक्त्वकी वृद्धिमे सहायक होता है ।

इस महामन्त्रके महत्वके विषयमे निम्नोक्त गाथा (४६) ज्ञानार्णव मे है –

कृत्वा पापसहस्त्राणि हत्वा जन्तुशतानि च ।
अमु मन्त्र समाराध्य तिर्यञ्चोऽपि दिवं गता ॥

भैया भगवतीदासजी कहते है –

जहाँ जपे णमोकार वहाँ अघ कैसे आवे ।
जहाँ जपें णमोकार वहाँ वितर भग जावे ॥
जहाँ जपें णमोकार वहाँ सुख सम्पति होई ।
जहाँ जपें णमोकार वहाँ दुख रहे न कोई ॥

णमोकार जपत नवनिधि मिलै, सुख समुह आवे निकट ।
'भैया' नित जपवो करो, महामन्त्र णमोकार है ॥

यह णमोकार मन्त्र सभी प्रकारकी आकुलताओको दूर करनेवाला और सभी प्रकारकी शान्ति एव समृद्धियोका दाता है ।

एसो पच - णमोयारो सव्व-पाव-प्पणासणो ।
मगलाण च सव्वेसिं पढम होई मगल ॥

यह पञ्च नमस्कार मन्त्र सब पापोका नाश करनेवाला और सब मगलो मे पहलामगल है ।

अर्हमित्यक्षर ब्रह्मवाचक परमेष्ठिन ।
सिद्धचक्रस्य सद्बीज सर्वत प्रणमाम्यहम् ॥

'अर्हम्' ये अक्षर परब्रह्म परमेष्ठीके वाचक हैं और सिद्धसमूहके सुन्दर बीजाक्षर है, हमारा इनको मन, वचन और कायसे नमस्कार हो ।

— कविवर दौलतरामजी कहते हैं

"प्रात काल मन्त्र जपो णमोकार भाई ।
अक्षर पैंतीस शुद्ध हृदयमे धराई ॥

नर भव तेरो सुफल होत पातक टर जाई ।
विघन जासो दूर होत सकटमे सहाई ॥१॥

कल्पवृक्ष कामधेनु चिन्तामणि जाई ।
ऋद्धि सिद्धि पारहस तेरो प्रकटाई ॥२॥

मन्त्र जन्त्र तन्त्र सव जाहीसे वनाई ।
सम्पति भण्डार भरे अक्षय निधि आई ॥३॥

तीन लोक माहि सार वेदनमे गाई ।
जगमे प्रसिद्ध धन्य मगलीक भाई ॥४॥"

१० वीजाक्षर और ऋषि मडल

ऋषिमडलका वीजमन्त्र

पूर्वं प्रणवत सात सरेफो द्वित्रिपचपान् ।
सप्ताष्टदशसूर्याकान् श्रितो विदुस्वरान् पृथक् ॥

पूज्यनामाक्षराद्यस्तु पञ्च दर्शनवोधक ।
चारित्रेभ्यो नमो मध्ये ह्री सातसमलकृतम् ॥

नोट :— देवनागरी वर्णमालाके वर्ण

(१) ओ प्रणव, ध्रुव, व्रह्मवीज या तेजोवीज हैं ।

(२) ह शान्ति, पौष्टिक और मागलिक कार्योका उत्पादक, साधनाके लिए परमोपयोगी, स्वतन्त्र और सहयोगापेक्षी, लक्ष्मीकी उत्पत्तिमे साधक

सन्तान प्राप्तिके लिए अनुस्वार युक्त होनेपर जाप्यमे सहायक, आकाश तत्त्वयुक्त, कर्मनाशक, सभी प्रकारके बीजोका जनक ।

(३) र अग्निबीज, कार्यसाधक, समस्त प्रधान बीजोका जनक, शक्ति का प्रस्फोटक और वर्द्धक।

(४) आ अव्यय, शक्ति और बुद्धिका परिचायक सारस्वतबीजका जनक, माया बीजके साथ कीर्ति, धन और आशाका पूरक ।

(५) इ गत्यर्थक, लक्ष्मी प्राप्तिका साधक, कोमल कार्य साधक, कठोर कर्मोका बाधक, वह्निबीजका जनक ।

(६) उ उच्चाटन बीजोका मूल, अद्‌भुत शक्तिशाली, श्वासनलिका-द्वारा जोरका धक्का देनेपर मारक ।

(७) ऊ उच्चाटक और मोहक बीजोका मूल, विशेष शक्तिका परिचायक कार्यध्वसके लिए शक्तिदायक ।

(८) ए निश्चल, पूर्ण, गतिसूचक, अरिष्ट निवारण बीजोका जनक, पोषक और सवर्द्धक ।

(९) ऐ उदात्त, उच्चस्वरका प्रयोग करनेपर वशीकरणबीजोका जनक, पोषक और सवर्द्धक । जलबीजकी उत्पत्तिका कारण , सिद्धिप्रद कार्योका उत्पादकबीज, शासन देवताओका आव्हानन करनेमे सहायक, क्लिष्ट और कठोर कार्योके लिए प्रयुक्त बीजोका मूल, ऋण विद्युत्का उत्पादक ।

(१०) ओ मारण और उच्चाटनसम्बन्धी बीजोमे प्रधान, शीघ्र कार्य साधक, निरपेक्षी अनेक बीजोका मूल ।

(११) अ शान्तिबीजोमे प्रधान, निरपेक्षावस्थामे कार्य असाधक, सहयोगीका अपेक्षक ।

११ स्वर ध्वनियो पर प्रकाश

स्वर "अ, ई, ओ, और अ" के ध्वनियोकी शक्तिपर प्रकाश –

(१) अ अव्यय, व्यापक, आत्माके एकत्वका सूचक, शुद्ध-बुद्ध ज्ञानरूप, शक्ति द्योतक, प्रगव बीजका जनक ।

(२) ई अमृतबीजका मूल, कार्यसाधक, अल्पशक्तिद्योतक, ज्ञानवर्द्धक, स्तम्भक मोहक, जृम्भक ।

(३) अ। अनुदात्त निम्न स्वरकी अवस्थामे माया बीजका उत्पादक, लक्ष्मी और श्रीका पोषक, उदात्त, उच्च स्वरकी अवस्थामे कठोर कार्योंका उत्पादक बीज, कार्यसाधक, निर्जराका हेतु, रमणीय पदार्थोंकी प्राप्तिके लिए प्रयुक्त होनेवाले बीजोंमे अग्रणी, अनुस्वरान्त बीजोका सहयोगी।

(४) अं स्वतन्त्र शक्तिरहित, कर्माभावके लिए प्रयुक्त ध्यानमन्त्रोमे प्रमुख, शून्य या अभावका सूचक, आकाश बीजोका जनक, अनेक मृदुल शक्तियोका उद्घाटक, लक्ष्मी बीजोका मूल ।

१२ बीज सज्ञक .

ककारसे लेकर हकार पर्यन्त व्यजन बीजसज्ञक हैं और अकारादि स्वर शक्तिरूप हैं । मन्त्रबीजोकी निष्पत्ति बीज और शक्ति सयोगसे होती है ।

१३ मन्त्र विधि

प्रणव–अक्षर 'ओ।'

रेफसहित 'ह्‌कार 'र्ह'

(१) उपरोक्त 'र्ह विंदुसहित और 'आ'कार की मात्रासे युक्त 'र्हा'

(२) उपरोक्त 'र्ह विंदुसहित और 'इ' कार की मात्रासे युक्त 'र्हि'

(३) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'उ'कार की मात्रासे युक्त 'ह्रुः

(४) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'ऊ'कार की मात्रासे युक्त 'न्ह

(५) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'ए'कार की मात्रासे युक्त 'न्हें'

(६) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'ऐ'कार की हमात्रा से युक्त 'न्हैं'

(७) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'औ'कार की मात्रासे युक्त 'न्हौं'

(८) उपरोक्त 'न्ह्' बिंदुसहित और 'अ' कार की मात्रासे युक्त 'न्ह'

ओ न्हा न्हि न्हु न्हू न्हे न्हैं न्हौं न्ह अब

पचपरमेष्ठियोके नामके आद्याक्षरोंको (अ-सि-आ-उ-सा को) जोड दें। अब सम्यग्दर्शन ज्ञान चारित्र्येभ्यो को सम्मिलित कर दें। अब 'न्हीं' बीजाक्षर को जोड दें, पश्चात 'नम' शब्द जोड दें। अब यह सम्पूर्ण मन्त्र निम्न प्रकार हो गया –
"ओ न्हा न्हि न्हु न्हू न्हें न्हैं न्हो न्ह अ सि आ उ सा सम्यग्दर्शन ज्ञानचारित्र्येभ्यो न्हीं नम
इसमे शुभ बीजाक्षर नौ है। और शुद्ध अक्षर अठारह हैं। कुल २७ अक्षर वाला यह महामन्त्र है। प्रथम उच्चारणीय (ओ) प्रणव बीजाक्षर सर्व मन्त्रो के लिए मूल है, वह गिनतीमे नही है।

१४ श्री की उत्पत्ति

श् निरर्थक, सामान्य बीजोका जनक या हेतु, उपेक्षाधर्मयुक्त शान्तिका पोषक।

र् अग्निबीज, कार्य साधक, समस्त प्रधान बीजोका जनक, शक्तिका प्रस्फोटक और वर्द्धक।

ई अमृतबीजका मूल, कार्यसाधक, अल्पशक्ति-द्योतक, ज्ञानवर्द्धक, स्तम्भक मोहक, जृम्भक।

श् + र् + ई + श्री

॥ श्री ॥

कुछ अभ्यास की पंक्तियाँ

दशम् प्रकरण : 10TH CHAPTER

चौबीस तीर्थङ्कर

५ भगवान महावीरके मोक्ष के पश्चात आचार्य परम्परा –

चतुर्थ कालके ३ वर्ष ८½ मास शेष रहने पर भगवान महावीर के मोक्ष होने के पश्चात पचम कालमे निम्नाकित केवली, श्रुतकेवली आदि हुए

अ न	आचार्य	वर्ष पश्चात	स्थिति
१	गौतम	१२	केवली
२	सूधर्म	२४	"
३	जम्बूस्वामी	६२	"
४	विष्णु	७६	श्रुतकेवली
५	नन्दिमित्र	९२	"
६	अपराजित	११४	"
७	गोवर्धन	१३३	"
८	भद्रबाहु	१६२	"
९	विशाखाचार्य	१७२	दशपूर्वधारी
१०	प्रोष्ठिल	१९१	"
११	क्षत्रिय	२०८	"
१२	जयसेन	२२९	"
१३	नागसेन	२४७	"
१४	सिद्धार्थ	२६४	"
१५	धृतिषेण	२८२	"
१६	विजय	२९५	"
१७	बुद्धिलिंग	३१५	"

अन	आचार्य	वर्ष पश्चात	स्थिति
१८	देव	३२९	दश पूर्वधारी
१९	धर्मसेन	३४५	"
२०	नक्षत्र	३६३	ग्यारह अगधारी
२१	जयपाल	३८३	"
२२	पाडव	४२२	"
२३	ध्रुवसेन	४३६	"
२४	कस	४६८	"
२५	सुभद्र	४७४	दश, नव, व आठ अगधारी
२६	यशोभद्र	४९२	"
२७	भद्रवाहु	५१५	"
२८	लोहाचार्य	५६५	"
२९	अर्हद्वलि	५९३	एक अगधारी
३०	माघनन्दि	६१४	"
३१	धरसेन	६३३	"
३२	पुष्पदन्त	६६३	"
३३	भूतवलि	६८३	"

स्वामि धरसेनाचार्य को यह भय हुआ की कही अग श्रुतका (श्रुतस्कन्धका) विच्छेद न हो जाय, उन्होंने आचार्य पुष्पदन्त और आचार्य भूतबलि को शुभ तिथि, शुभ नक्षत्र और शुभ वार मे ग्रन्थ का पढ़ाना प्रारम्भ किया। इस तरह क्रम से व्याख्यान करते हुए धरसेन भगवान से उन दोनोने आषाढ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी के पूर्वान्हि काल मे ग्रन्थ समाप्त किया। आचार्य पुष्पदन्त और आचार्य भूतवलि भी श्रुत के कर्ता कहे जाते हैं।

द्वादशांगके चार महा अधिकार वर्णित किये गये हैं उनमे पहले अनुयोगका नाम प्रथमानुयोग है। प्रथमानुयोगमे तीर्थंकर आदि सत्पुरुषोंके चरित्रका वर्णन होता है। दूसरे महाधिकारका नाम करणानुयोग है। इसमे तीनो लोकका वर्णन है। तीसरे महाधिकारका नाम चरणानुयोग है। इसमे मुनि और श्रावकोके चारित्रकी शुद्धिका निरूपण होता है। चौथा महाधिकार द्रव्यानुयोग है। इसमे प्रमाण नय निक्षेप तथा सतसंख्या क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव, अल्पबहुत्व, निर्देश,, स्वामित्व, साधन, अधिकरण, स्थिति, विधान आदि के द्वारा द्रव्योका निर्णय किया जाता है।

इस तरह मूलग्रन्थकर्ता वर्द्धमान भट्टारक हैं। अनुग्रन्थकर्ता गौतमस्वामी है और उत्तरग्रन्थकर्ता राग, द्वेष और मोह से रहित पुष्पदन्त, भूतबलि इत्यादि अनेक आचार्य है।

कुन्दकुन्द आचार्य देव विक्रम सम्वत के आरंभ मे हुए। विक्रम सम्वत भगवान महावीर के मोक्ष के ४७० वर्ष पश्चात शुरु हुआ। इसके अनुसार आचार्य कुन्दकुन्द देव का स्थान सुभद्राचार्य के पहिले होना चाहिये। याने भगवान महावीर के ८७० वर्ष पश्चात। किन्तु इनके पूर्व आचार्य धरसेन का कथन आता है, इस कथन के अनुसार भगवान महावीर के करीब ६४० वर्ष पश्चात आचार्य कुन्दकुन्द देव जो भी हो, दिगम्बर जैन परम्परामे भगवान कुन्दकुन्द देव का स्थान सर्वोत्कृष्ट है। जैसे —

मंगलं भगवान वीरो मंगलं गौतमो गणी।
मंगलं कुन्दकुन्दार्यो जैन धर्मोऽस्तु मंगलम्॥

आचार्य कुन्दकुन्द देव कलिकाल सर्वज्ञ है। 'पद्मनन्दी, कुन्दकुन्दाचार्य, वक्रग्रीवाचार्य, एलाचार्य और गृध्दपिच्छाचार्य' इन पाँचो नामोंसे सुशोभित आकाश गमन ऋद्धिके धारक थे। आचार्य श्री पूर्व विदेह मे जाकर भगवान सीमंदर के दर्शन कर श्रुतज्ञान प्राप्त कर लौटे थे।

६ वीरनिर्वाण, विक्रम सम्वत और इस्वी सन मे अन्तर :—

भगवान महावीर को मोक्ष गये के २५०० वाँ वर्ष, दिनाक कार्तिक (आश्विन) कृष्ण चतुर्दशी/अमावस को पूर्ण होता है।

उत्तर भारत मे विक्रम सम्वत चैत्र शुक्ल प्रतिपदासे बदलता है और दक्षिण भारत मे कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से बदलता है। तद्नुसार उक्त दिन उत्तर भारत के अनुसार विक्रम सम्वत २०३१ रहेगा। और दक्षिण भारत के अनुसार विक्रम सम्वत २०३० रहेगा।

उत्तर भारत मे मास का आरंभ कृष्ण दक्ष की प्रतिपदा से होता है और दक्षिण भारत मे शुक्ल पक्ष की प्रतिपदासे होता है गिनती मे यह अन्तर रहेगा। उत्तर भारत के अनसार २५०० वाँ वर्ष कार्तिक कृष्ण चवदस/अमावस, विक्रम सम्वत २०३१ रहेगा और दक्षिण भारत के अनुसार आश्विन कृष्ण चवदस/अमावस विकम २०३० रहेगा। पहिले उत्तर भारतमे आगेका विक्रम सम्वत चैत्र शुक्ल प्रतिपदासे आता है और पश्चात विक्रम सम्वत कार्तिक शुक्ल प्रतिपदासे दक्षिण भारत मे आता है।

भगवान महावीर के निर्वाण दिवस के दिन कार्तिक (आश्वीन) कृष्ण चवदश/अमावस विक्रम सम्वत २०३१/२०३० को ईस्वी सन १९७४ के नवम्बर मासकी तेरह तारीख है और भगवान महावीरके २५०० वर्ष पूर्ण होते हैं।

इस प्रकार भगवान महावीर के ४६९/४७० वर्ष पश्चात विकम सम्वत आरंभ होता है और ५२६/५२७ वर्ष पश्चात ईस्वी सन आरंभ होता है। विक्रम सम्वत के ५७ वर्ष पश्चात ईस्वी सन आरंभ होता है। मास और दिनोंका अन्तर यहाँ छोड दिया गया है।

॥ श्री ॥

कुछ अभ्यास की पंक्तियाँ

एकादश प्रकरण : 11TH CHAPTER

BHAGWAN VAHUVALI

AN IMAGE OF VAHUVALI BY CHAMUNDA RAYA

1 In 981 A D the 57 feet high colossal image of Bhagwan Vahuvali was established and consecrated on the summit of the Vindhyagiri Hill at Sravana Belgola, Mysore State now Karnatak

2 The Colossus is about 56-1/2 feet in height, with a width of 13 feet across the hips and is cut out of a solid block of *Gneiss apparently wrought in Situ*

3 The image is on the top of the very steep Hill Vindhyagiri It is nude and stands erect facing the north The figure has no support above the thighs Up to that point it is

represented as surrounded by ant-hills from which emerge serpents a climbing plant twines itself round both legs and both arms terminating at the upper part of the arm in a clustre of fruit or berries The pedestal on which the feet stand is carved to represent an open lotus

4 The above image of Vahuvali or Bhujabali more commonly known as Gommat Svami or Gommatesvara was erected by Chamunda Raya Later on imitating, Chamunda Raya, the chief Vira-Pandya erected another statue of Gommatesvara at Karkala (Karnatak) in A D 1432, and afterwards a similar figure of Gommatesvara was established by the chief Timmaraja at Yenur (Karnatak), in A D. 1604.

5 The image erected by Chamunda Raya "is not only the most ancient in date and considerably the highest of the three, but from its striking position on the top of the very steep hill and consequently the greater difficulty involved in its execution, is by far the most interesting"

6 These "colossal monolithic nude Jain statues are among the wonders of the world" These are "undoubtedly the most remarkable of the Jain statues and the largest free-standing statues in Asia All three being set on the top of eminences, are visible for miles around, and, in spite of their formalism, command respectful attention by their enormous mass and expression of dignified serenity

VAHUVALI GOMATESHWARA.

7. Vahuvali or Bhujavali, also known as Gommatesvara, who was the son of Adijina Risabhanatha, the first Tirthankara of the Jainas Risabhadeva, according to tradition, was a king, and had two wives, Nanda (some say Sumangala) and Sunanda Nanda or Sumangala gave birth to the twins Bharata and Brahmi, a boy and a girl, the former of whom was placed on the throne by Risabhadeva, when he retired to seek absolute knowledge Vahuvali and his sister, Sundari, were born of Sunanda, and the former ascended the throne of Taksa-sila (modern Taxila), when his father distributed his kingdom among his sons.

8 Bharata had possession of a wonderful Chakra (discus), which could not be withstood by any warrior in fight With the help of his Chakra, Bharata conquerred the earth and returned to his capital But the discuss would not enter the capital (or, according to another account, the armoury) Bharata then took this as a sign that there was still another territory on earth which had not been conquerred by him, and after reflection, came to the conclusion that there was only the kingdom of Taksa-sila, ruled by his brother, Bhujavali, which had not been subdued by him

9 Bharata then eclared war on his brother, Bhujavali, and in the terrible fight that followed, Bhujavali was victorious Even the discuss of Bharata could do no harm to Bhujavali But Bhujavali, though victorious, suddenly became lost in meditation, thinking of the vanity of this world

10 Bharata made obeisance to Bhujavali and returned to his place, but Bhujaval went to the summit of Kailasa mountain, remained standing there (or, according to another account, stood on the very field of battle) in a statuesque posture for one year and "the creepers, wreathing round the boughs of the trees on the bank clung to his neck and crowned his head with their canopy and the blades of Kusa-grass grew between his feet, and he became in appearance like an ant-hill" Subsequently, Bhujavali obtained absolute knowledae and became one of the Kevalis

AN IMAGE OF VAHUVALI BY BHARAT

11 In an inscription, however we read that Puru was the father of Vahuvali or Bhujavali and Bharata Then the inscription goes on to say that "Bharata, the son of Puru Deva, surrounded by all the kings conquerred by him, erected, in glee, an image, representing the victorious Vahuvali Kevali, which was 525 bows in height, near Podanapura After a long time, innumerable Kukkuta-sarpa (dragons having the body of a fowl and the head and neck of snake, terrifying the world, grew up in the place surrounding (the image of) that Jina for which the image became known as Kukkutesvara"

ABSORPTION IN PENANCE

12 In the light of these traditions, we shall be able to understand the significance of the sculptured ant hills, from which serpents are issuing, and the climbing plant which twines round the legs and arms of the images of Gommatesvara at Sravana Belgola, Karkala and Yenur "These details are identical in all three, and supposed to represent so rigid and complete

an absorption in penance that ant-hills had been raised around his feet and plants had grown over his body, without disturbing the profoundness of the ascetic's abstraction from mundane affairs "

THE EXACT TIME OF THE ESTABLISHMENT OF THE IMAGE OF VAHUVATI BY CHAMUNDA RAYA

12-A According to Vahuvali Charitra, the exact Naksatra was Mrigasira, Sunday 2nd of April 980 A D

CHAMUNDARAYA OR CHAMUNDARAJA. GANGA-DYNASTY

13 Chamundaraya or Chamundaraja was the worthy minister of king Marshimha II of the Ganga Dynasty

14 Among the ancient royal Dynasties of India, the Gangas of the West were devoted followers of Jainism. There is a tradition that a Jaina Acharya, named Simhanandi, belonging to the Nandigana, helped Sivamara, the first king of the Ganga Dynasty, to rise to the throne The kings of the Ganga Dynasty were the promoters and protectors of Jainism.

15 During the period from the fourth to the twelfth Century A D, the kings of the Ganga Dynasty built Jaina temples, consecreated Jaina images of worship, hollowed out caves for Jaina ascetics and made grants for their protection

16 The heroism of Chamundaraya enabled the king Marshimha II to win his great battles against Vajjala and those fought at Gonur and Uchchangi

17 After the death of Marasimha II of the Ganga Dynasty Panchaladeva ascended the throne, and he was succeeded by king Rachamalla or Rajamalla II Chamunda Raja was Mahamatya (highest Minister) of Rachamalla or Rajamalla II He was second in glory to king Rachamalla or Rajamalla

18 According to Vahuvali-Charitra, king Rachmalla or Rajamalla was a devotee of the great sage Simhanandi

19 Chamundaraya composed a work called Chamunda Raya Purana, containing an epitome of the history of the 24 Tirthankaras

20 With the advance of his age, Chamundaraja devoted himself mostly to religion, under his spiritual teacher, Ajitasena

21 By erecting tne colossal images of Gomateswara and Neminatha in Vindhyagiri and Chandragiri respectively at Sravana Belgola, Mysore, now Karnataka, and devoting the greater part of his welath to the maintenance of worship of these images, Chamundaraya became immortal as one of the greatest promoters of Jaina religion

" DEVI KUSMANDINI "

1 On Chandragiri Hill at Sravana Belagola, Mysore State, now Karnatak, Chandragiri derives its name from the Emperor Chandra gupta Maurya, who was the disciple of the Sage Bhadrabahu

